

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 7 अगस्त 2023 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-6 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-130 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 8 अगस्त 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश पर 58% आरक्षण होगा लागू



रायपुर,7 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज उनके निवास कार्यालय में मंत्रिपरिषद की बैठक हुई, जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए. बैठक में राज्य के शैक्षणिक संस्थाओं में पूर्व प्रचलित आरक्षण व्यवस्था के अंतर्गत प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्णय लिया गया. उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा राज्य शासन की ओर से दायर एसएलपी में पारित अंतरिम आदेश दिनांक एक मई 2023 के अंतर्गत राज्य में पूर्व प्रचलित आरक्षण व्यवस्था अनुसार नियुक्ति / चयन प्रक्रियाओं को जारी रखने अंतरिम राहत प्रदान की गई है. इस अंतरिम आदेश के अनुरूप ही अंतरिम तौर पर मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य की शैक्षणिक संस्थाओं में भी प्रवेश प्रक्रिया पूर्व प्रचलित आरक्षण व्यवस्था अंतर्गत करने का निर्णय लिया गया है.

### ट्रेनों के अनियमित परिचालन पर सीएम का पीएम को पत्र

**रायपुर, 7 अगस्त।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली यात्री गाड़ियों के अनियमित परिचालन से राज्य के लाखों नागरिकों को हो रही समस्याओं से अवगत कराया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने पत्र में लिखा है कि रेलवे द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के कभी भी बड़ी संख्या में यात्री ट्रेनों को निरस्त करने की सूचना जारी कर दी जाती है निरस्त ट्रेनें कब तक निरस्त रहेगी, इसकी भी जानकारी यात्रियों को नहीं दी जाती। यात्री ट्रेनों की निरस्ती के अलावा ट्रेनों के अत्यधिक विलम्ब से चलने से भी रेल यात्रियों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मेरे द्वारा पूर्व में रेल मंत्री जी को भी अनेक अवसरों पर यात्री ट्रेनों के सुचारू परिचालन हेतु ध्यान आकर्षित कराया गया, किन्तु उससे स्थिति में कोई सुधार परिलक्षित नहीं हो रहा है। मुख्यमंत्री बघेल ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को अपने पत्र के माध्यम से कहा है कि ट्रेनों के इस तरह असामान्य संचालन से छात्रों, तीर्थयात्रियों, मरीजों, रोजगार के लिये राज्य में आने वाले व्यक्तियों, व्यवसायियों, श्रमिकों तथा परीक्षार्थियों के अनेक पूर्व निर्धारित कार्यो का सम्पादन संभव नहीं हो पा रहा है। राज्य की अर्थव्यवस्था पर भी धीरे-धीरे इसका प्रभाव दिखने लगा है। लम्बी अवधि से ट्रेनों के निरस्त होने तथा विलम्ब से चलने के कारण राज्यवासियों में आक्रोश व्याप्त है तथा जिससे सरकार और रेल्वे की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगने लगे हैं। बघेल ने पत्र में लिखा है कि राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों के कारण छत्तीसगढ़ में ट्रेनों का घनत्व राष्ट्रीय औसत से बहुत कम है तथा दूरस्थ अंचलों में रहने वाले लोगों के लिये यात्री ट्रेनें ही आवागमन का एकमात्र सुलभ साधन है। देश के अन्य किसी भी राज्य में यात्री ट्रेनों के संचालन संबंधी इतनी अव्यवस्थायें संभवतः नहीं होगी। स्थिति की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये आपसे अनुरोध है कि आपके स्तर से रेलवे मंत्रालय को राज्य की यात्री ट्रेनों के पूर्ववत सुचारू परिचालन सुनिश्चित करने के निर्देश देने का कष्ट करें ताकि राज्यवासियों को हो रही समस्याओं का अंत हो तथा उनके आक्रोश को शांत किया जा सके ।

## राहुल गांधी की सदस्यता बहाल,लोस पहुंचे




**नई दिल्ली,7 अगस्त।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल हो गई है. इसकी अधिसूचना भी जारी हो गई है.सुप्रीम कोर्ट ने दोषसिद्धि पर रोक लगाते हुए कहा था कि ट्रायल जज द्वारा अधिकतम सजा देने का कोई कारण नहीं बताया गया है. अंतिम फैसला आने तक दोषसिद्धि के आदेश पर रोक लगाने की जरूरत है. न्यायाधीशों ने कहा था कि अयोग्यता का प्रभाव न केवल व्यक्ति के अधिकारों को बल्कि मतदाताओं को भी प्रभावित करता है.2019 के आम चुनाव से पहले कर्नाटक के कोलार में एक रैली में, पीएम मोदी पर कटाक्ष करते हुए गांधी ने कहा था कि सभी चोरों का सामान्य उपनाम मोदी कैसे है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उपनाम के बारे में उनकी टिप्पणियों के बाद मानहानि मामले में दो साल की जेल की सजा मिलने के बाद मई में राहुल गांधी को अयोग्य घोषित कर दिया गया था. माफी मांगने से लगातार इनकार करने वाले राहुल गांधी ने राहत के बाद ट्वीट किया था कि चाहे कुछ भी हो, मेरा कर्तव्य वही रहेगा.

## नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत : बघेल

रायपुर,7 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़

वायनाड सांसद राहुल गांधी की सांसदी बहाल होने के साथ कांग्रेस नेता खुशी का इजहार कर रहे हैं. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर देशवासियों को बधाई देते हुए कहा इसे नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत करार दिया है. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत, अन्याय के खिलाफ न्याय की जीत, असत्य के खिलाफ सत्य की जीत, तानाशाही के खिलाफ लोकतंत्र की जीत, षड्यंत्रों के खिलाफ इंडिया की जीत है.

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ट्वीट कर कहा कि राहुल गांधी को दोबारा सांसद बनाने का निर्णय एक स्वागत योग्य कदम है. यह भारत के लोगों और विशेषकर वायनाड के लोगों के लिए राहत लाता है. भाजपा और मोदी सरकार को अपने कार्यकाल का जो भी समय बचा है, उसका उपयोग विपक्षी नेताओं को निशाना बनाकर लोकतंत्र को बदनाम करने के बजाय वास्तविक शासन पर ध्यान केंद्रित करके करना चाहिए.छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा ने भी ट्वीट कर खुशी जताते हुए कहा कि आखिरकार सत्य की जीत हुई. माननीय राहुल गांधी संसद में वापस आ रहे हैं. एक बार फिर देश की संसद में गरीबों के हक की आवाज गूंजेगी.

## संक्षेप

### जिंदल की जयंती पर हुए कई कार्यक्रम

**रायगढ़,7 अगस्त।** जिंदल समूह के संस्थापक बाबूजी ओ.पी. जिंदल जी की जयंती के शुभ अवसर पर दिनांक 7 अगस्त, दिन सोमवार को जिंदल स्टील एंड पॉवर के रायगढ़ संयंत्र द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों की श्रृंखला सुबह 7.45 बजे जेएसपी परिसर स्थित बाबूजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि के साथ शुरू हुई। इसके बाद आशा - द होप के विशेष बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। जिंदल आरोग्यम अस्पताल में जेएसपी फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें आसपास के गांवों के 500 से अधिक मरीजों की स्वास्थ्य जांच, उपचार और दवाइयों का वितरण पूरी तरह से निःशुल्क किया गया। शहर और आसपास के 12 वृद्धाश्रम, अनाथालय आदि में भोजन की व्यवस्था के साथ उनकी आवश्यकता अनुरूप सामग्रियों का वितरण भी किया गया। उर्दना स्थित साईं मंदिर में जिंदल स्टील एंड पॉवर द्वारा दोपहर 12 से 3 बजे के बीच भंडारा का आयोजन किया गया।

### 5 लाख के इनामी नक्सली ने किया सरेंडर

**महासमुंद,7 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में आए दिन हो रहे नक्सली हमले को लेकर सरकार नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए कई तरह से कोशिशे कर रही है। इसके बावजूद नक्सलियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। इस बीच खबर आई है कि कांकेर जिले में एक इनामी नक्सली ने खुद को पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया है। जानकारी के मुताबिक सरेंडर किए नक्सली पर 5 लाख का इनाम था। आत्मसमर्पित नक्सली महासमुंद डिविजन में सक्रिय था और ये कई बड़ी वारदातों में शामिल था। बता दें कि सरकार की विचारधारा से प्रभावित होकर हथियार छोड़ सामान्य जीवन जीने के लिए सरेंडर किया। पुलिस अधीक्षको के सामने आत्मसमर्पण करने का फैसला किया है।

### बस ने 17 मवेशियों को रौंदा

**महासमुंद,7 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के एन एच-53 पर वन काष्ठागार के पास एक बस ने 17 मवेशियों को रौंद दिया। हादसे के बाद बस चालक



मौके से फरार हो गया। घटना तुमगांव थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि, महेंद्रा ट्रेवल्स की बस सरायपाली से रायपुर जा रही थी। बस खाली थी, रास्ते में 17 मवेशी बैठे हुए थे। बस ने उन्हें रौंद डाला और बस चालक मौके पर से फरार हो गया। सूचना मिलने पर तुमगांव पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और आगे की कार्रवाई में जुट गई।

### एम्स में लगी भीषण आग

**नई दिल्ली,7 अगस्त।** देश की राजधानी दिल्ली में स्थित एम्स अस्पताल में भीषण आग लग गई है। सुचना मिलते ही दमकल की 8 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई है और आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। आग लगने से अस्पताल में मची अफरा-तफरी हका माहौल बन गया। वहीं अस्पताल में भर्ती मरीज और उनके परिजन खौफ में है। मौके पर मौजूद अधिकारी भी पूरी तरह से स्थिति सामान्य करने के प्रयास में लगे हुए हैं।

## शिवधाम में पौधारोपण,भंडारा व सम्मान समारोह

रायपुर,7 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़




छत्तीसगढ़ सोशल मीडिया द्वारा ग्राम तुलसी (पाटन) स्थित शिवधाम में पौधारोपण, भंडारा एवं विगत 10 वर्षों से संस्था में अपना अमूल्य योगदान देने वाले सदस्यों का सम्मान किया गया। सर्वप्रथम वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न कर भंडारा आरंभ किया गया और अंत में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि शिवधाम शोध एवं सेवा संस्थान के अध्यक्ष कौशल किशोर मिश्रा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष दलेर चावला ने किया। विशेष अतिथि मदन अग्रवाल और श्याम अग्रवाल थे। संस्था के प्रथम दिन से जुड़े और सक्रिय भूमिका निभाने वाले सदस्य क्रमशः डॉक्टर आकांक्षा दुबे, गोविंदा गोयल एवं पुरुषोत्तम वासवानी का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए संस्था के अध्यक्ष दलेर चावला ने सम्मानित सदस्यों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। मुख्य अतिथि कौशल किशोर मिश्रा ने संस्था के सभी सदस्यों को अपना साधुवाद देते हुए कहा कि समाज के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन में सदैव यूंही अग्रसर रहें। कार्यक्रम का संचालन संस्था के सदस्य समीर ठाकुर ने और आभार प्रदर्शन अभिषेक सिंह ठाकुर ने किया। इस अवसर में संस्था के सदस्य रवि डडसेना, मंदीप सिंह, अनूप अग्रवाल, मिथुन गुप्ता, सुरेश शर्मा, जय भगवान अग्रवाल, ओम अग्रवाल,अनुदीप सेंगर, पिंकी लालवानी, कोमल पांडे, आशा साकेत उपस्थित थे।

## अब स्वदेशी बन गया जनआंदोलन : मोदी

**नई दिल्ली,7 अगस्त।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रगति मैदान के भारत मंडपम में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह में शामिल हुए। प्रगति मैदान के भारत मंडपम में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह में पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के बाद वस्त्र उद्योग (खादी) को मजबूत करने पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया, जो पिछली सदी में इतना मजबूत था। उन्होंने कहा कि आलम यह था कि इसे मरने के लिए छोड़ दिया गया। खादी पहनने वाले लोगों को हीन भावना से देखा जाता था। उन्होंने दावा किया कि 2014 से हमारी सरकार इस स्थिति और सोच को बदलने में जुटी है। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में खादी का उत्पादन 3 गुना बढ़ गया है और खादी कपड़ों की बिक्री भी 5 गुना बढ़ गई है। विदेशों में खादी कपड़ों की मांग बढ़ रही है। मोदी ने कहा कि देश में हथकरघा बुनकरों को सशक्त बनाने की दिशा में सरकार द्वारा बड़े प्रयास किये गये हैं। उन्होंने कहा कि उत्पादों के विपणन के लिए आपूर्ति श्रृंखला का मुद्दा, जो हमारे बुनकर समुदाय के लिए एक बड़ी चुनौती के रूप में खड़ा था, सरकार द्वारा काफी हद तक संबोधित किया जा रहा है। साथ ही, सरकार देश के किसी भी हिस्से में प्रत्येक दिन कम से कम एक विपणन प्रदर्शनी आयोजित करना सुनिश्चित कर रही है। भारत मंडपम की तरह ही देश भर के कई शहरों में कई दर्शनी स्थल स्थापित किए जा रहे हैं। मोदी ने दावा किया कि आज वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना के तहत हर जिले में वहां के खास उत्पादों को प्रमोट किया जा रहा है। देश के रेलवे स्टेशनों पर भी ऐसे उत्पादों की बिक्री के लिए विशेष स्टॉल बनाए जा रहे हैं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि अगस्त का महीना क्रांति का महीना है!

## अबूझमाड़ के मलखंभ खिलाड़ियों ने मुंबई में दिखाया अपना कमाल

नारायणपुर, 7 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़



जिले के अबूझमाड़ के 14 मलखंभ खिलाड़ियों ने रियालिटी शो इंडियाज गॉट टैलेंट में पहला राउंड जीतकर दूसरे राउंड में प्रवेश कर लिया है। मशहूर रैपर बादशाह, अभिनेत्री किरण खेर और शिल्पा शेट्टी रियलिटी शो इंडियाज गॉट टैलेंट की जज हैं। तीनों ही जज ने पहले राउंड में खिलाड़ियों का प्रदर्शन देखकर हैरान रह गए। कोच मनोज प्रसाद ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि अबूझमाड़ ने मलखंभ अकादमी में 30 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। रियालिटी शो इंडियाज गॉट टैलेंट बादशाह ने कहा कि मैंने पिछले सीजन में पहली बार मलखंभ को लाइव देखा था और अब मैं आपके ग्रुप के साथ फिर से उसी जादू का अनुभव कर रहा हूं। बादशाह ने खिलाड़ियों के गांव को टीवी गिफ्ट करने का भी वादा किया है। इस दौरान जज रैपर बादशाह को खिलाड़ियों ने बस्तर का पारंपरिक मुकुट पहनाकर सम्मान किया गया। किरण खेर ने कहा कि मैं आपके टैलेंट से हैरान हूं और जिस आत्मविश्वास के साथ मलखंभ का प्रदर्शन किया, वह शानदार है।

## बहिष्कृत परिवार के मुखिया की अर्थी को नहीं मिले चार कंधे,बेटियों ने की अंत्येष्टि



महासमुंद,7 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले से मानवता को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है. यहां के सालडबरी गांव में दो बेटियों ने मजबूरी में अपने पिता की अर्थी को कंधा देकर मुक्तिधाम पहुंचाया और इकलौते भाई के साथ मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार भी किया. हैरानी की बात यह है कि पूरा गांव और रिश्तेदार भी तमाशबीन बनकर मंजर को देखते रहें पर किसी ने साथ नहीं दिया. मजबूरी ऐसी की पूरे भरे बसे गांव में इनके लिए दाना पानी भी नहीं है. यह किसी हिन्दी फिल्म की कहानी नहीं बल्कि हकीकत है. ये कहानी उस गरीब परिवार की जो पिछले 1 साल से ग्राम बहिष्कार का दंश झेल रहा है.'राम नाम सत्य है' बोलने वाली ये दोनों विवाहित महिलाएं सगी बहने हैं और मायके आकर पिता की अर्थी उठाकर मुक्तिधाम जा रही है. इन दोनों बहनों ने अपने भाई के साथ अपने पिता का अंतिम संस्कार भी किया. यह पूरा मामला महासमुंद जिले में बागबाहरा ब्लाक के ग्राम सालडबरी का है. पिछले साल अक्टूबर माह मे एक धार्मिक आयोजन के दौरान ग्राम के पटेल 75 वर्षीय हिरण साहू और उनके परिजनों का गांव मे दबंगों से विवाद हो गया. जिसके चलते उन्हे तत्काल जुर्माना नहीं भरने पर ग्राम बहिष्कार की सजा दे दी गई. गांव से बहिष्कृत होने के बाद उनका जीवन नरक बन गया. ये दुखद घटना की जानकारी मृतक के बेटे तामेश्वर साहू ने दी.बहिष्कृत मृतक की पत्नी बीना साहू की पीड़ा बहुत गहरी है. लगभग 3 एकड़ की खेती में गरीबी से परिवार चलाने वाली इस बहिष्कृत महिला का कहना है कि जब पति के मृत्यु के बाद कोई भी वाला नहीं आया तब दूसरे गांवों से बेटियों को बुलाकर अर्थी को मुक्तिधाम पहुंचाया गया. सालडबरी गांव के ग्रामीण इस मामले में मीडिया के सामने बोलने को तैयार नहीं हुए. लेकिन काफी प्रयास के बाद बहिष्कृत परिवार के पड़ोसी और रिश्तेदार का कहना है कि ग्राम वासियों ने बहिष्कार नहीं किया है .


#RememberingBauji

93RD BIRTH ANNIVERSARY



श्री ओ.पी. जिन्दल
7 अगस्त 1930 – 31 मार्च 2005
संस्थापक एवं दूरदर्शी, ओ.पी. जिन्दल ग्रुप

महान व्यक्तित्व एवं प्रेरणा स्रोत

"दुनिया ने जहां दीवार देखी, बाऊजी ने वहां दरवाजे"

सफल उद्योगपति, जिन्होंने अपनी मेहनत और प्रतिबद्धता से औद्योगिक समूह की स्थापना की
जननायक, जिन्होंने आजीवन दलितों-पिछड़ों और किसानों के हितों के लिए संघर्ष किया
समाज सेवी, जिन्होंने अपना जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया
दूरदर्शी व्यक्तित्व, जिन्होंने 50 साल पहले आत्मनिर्भर भारत का सपना देखा और देश का भाग्य बदलने में अग्रणी भूमिका निभाई

बाऊजी को शत् शत् नमन

JINDAL SAW LTD. TOTAL PIPE SOLUTIONS
JSW Better Everyday
JSL JINDAL STAINLESS
JINDAL STEEL & POWER

## एक नजर

### जिला महामंत्री संतोष पटेल ने लोहारा मंडल की बैठक में संगठन की समीक्षा की



**कवर्धा, 7 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सहसपुर लोहारा भाजपा मंडल की कार्यसमिति की बैठक व बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम साहू सामाजिक भवन में संपन्न हुई. इस बैठक में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री संतोष पटेल, संतोष मिश्रा, योगेश साहू, सोहन सिवोपाश्क, हेमंत ठाकुर, कृष्णा साहू ,अशोक पटेल,लालाराम साहू, होरी तिवारी,गिरवर साहू,जलेश्वर वर्मा, संजय साहू,हेमंत साहू,दिवाकर डड़सेना,सुशील निर्मलकर, ईश्वर साहू,धर्मेंद्र ,खिलेश जंघेल,हुलास गन्धर्व,कृष्णा साहू,जीतू पाली,रिखि राम यादव,शिव लहरे,पद्म पटेल,पारास साहू,कुलेश्वर मानिकपुरी,रोहित साहू,वैनसिंह साहू,लक्ष्मण कुम्भकार,साहेबलाल,डोमन साहू,खोरझरा,चौकी पटेल,सुंदर यादव, धुसू साहू,रामचरन साहू,कृष्णा जंघेल,मोहनू साहू,हुमलाल पटेल,ओमप्रकाश साहू सहित मंडल के समस्त कार्यकर्ता पदाधिकारी ,बीएलओ , शक्ति केन्द्र प्रभारी इस बैठक मे सम्मिलित हुए। बैठक में जिला महामंत्री संतोष पटेल ने आगामी चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया. चुनाव के इस दौर में किस तरह संगठन का कार्य करना है इसकी जानकारी दी. साथ ही यह भी कहा की हम अपना बूथ जीतेंगे तो चुनाव जीतेंगे. हर कार्यकर्ताओं को पदाधिकारियों को अपने-अपने बूथ की चिंता अवश्य करे .पार्टी के काम के साथ अपना बुथ सबसे मजबूत करें. बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण साहू ने कहा कि आप लोग मतदाता लिस्ट का पुनरीक्षण कर लीजिए जिनकी मृत्यु हो गई है या जो बाहर चले गए हैं या जिनका स्थानांतरण हो गया या शादीशुदा बाहर चले गए हैं ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनका नाम देखे और जो नए युवा मतदाता हैं उनका नाम जोड़ने का काम करे. मंडल के पूर्व अध्यक्ष अशोक पटेल ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते कहा कि युवा मोर्चा को सामने चुनाव को देखते हुए अभी से इस अभियान में पूर्ण रूप से जुट जाना है।

### नगर में आजादी के 76वें वर्ष पर 76 किमी की तिरंगा यात्रा निकलेगी

**भिलाई।** विधायक देवेंद्र यादव हजारों शहर वासियों के साथ मिल कर आजादी के 76 वर्ष पर 76 किलोमीटर की तिरंगा यात्रा निकालेंगे। आजादी दिलाने वाले वीर शहीदों की याद में तिरंगा यात्रा निकालेंगे। और इस यात्रा में नेन्हे मुन्ने महात्मा गांधी, भारत माता,सुभाष चंद्र बोष आदि महापुरूषों का रूप धरे बच्चे भी इस यात्रा में शामिल होंगे। इसकी तैयारी की जा रही है।

हर साल की तरह इस साल भी विधायक देवेंद्र यादव तिरंगा यात्रा निकालने वाले है। इसके लिए तैयारी चल रही है। 12, 13 और 14 अगस्त को यात्रा निकाली जाएगी। शहर के सभी वार्ड और गलियों से होकर यात्रा निकलने। जिसमे शहर भर के हजारों लोग शामिल होंगे।

# गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के जन्मदिन पर विभिन्न दलों से जुड़े 300 कार्यकर्ताओं ने ली कांग्रेस की सदस्यता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई,7 जुलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा से भाजपा ,छ ग जनता जोगी कांग्रेस पार्टी सहित विभिन्न दलों से जुड़े करीब तीन सौ कार्यकर्ताओ ने कांग्रेस प्रवेश कर छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के जन्मदिन पर उन्हें एक बड़ा तोहफ़ा दिया है। ग्राम खम्हरिया के वरिष्ठ कांग्रेसी अनिल चतुर्वेदी, ग्राम उमरपोटी कमल सिंह गायकवाड़ के मार्गदर्शन एवम् युवाओ के प्रेरणा तारण टंडन,उबारन टंडन के नेतृव में भाजपा,छ ग जनता जोगी कांग्रेस पार्टी सहित विभिन्न दलों से जुड़े करीब तीन सौ कार्यकर्ताओ ने कांग्रेस प्रवेश किया।



कांग्रेस पार्टी के प्रति जताया विश्वास कांग्रेस सरकार की रीति-नीति से प्रभावित होकर कई लोगों ने किया कांग्रेस प्रवेशछत्तीसगढ़ के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के 75 वे जन्मदिन पर उनके दुर्ग स्थित मीनाक्षी नगर निवास में सुबह से ही बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इस बीच भाजपा के दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के विभिन्न ग्राम के करीब तीन सौ लोगो ने कांग्रेस प्रवेश कर गृहमंत्री को बड़ी सौगात दी। गृहमंत्री ने भी सभी नव प्रवेशियों को पार्टी का गमछा पहनाकर स्वागत किया और जन्मदिन का केक काटकर मुँह मीठा कराया। प्रदेश के गृहमंत्री एवम् क्षेत्र के विधायक ताम्रध्वज साहू ने विधानसभा में करोड़ों की विकास कार्य कराया है साथ ही सीधे जानता के बीच रहकर उनके समस्याओं का निराकरण करते है जिसके कारण भाजपा से जुड़े वहाँ के लोगो ने कांग्रेस पार्टी पर विश्वास किया है। इन लोगो ने किया कांग्रेस प्रवेश लाभेश कुमार बघेल,कामेश्वर करण बघेल,चंदन महिपाल,अस्मित शिंदे,प्रकाश गायकवाड रोहित सागरिया,राजेश कुमार,निखिल शर्मा,नैतिक सिंह,कृष्णा पांडे रोशन टंडन,चित्रांश,ऋषभ तिवारी,राहुल य़ादव,गीतेश साहूदिनेश कोठारी,दिलेश साहू,ललित रामटेके,समीर मूर्ति-सौरभ बंजारे रितिक यादव,ओमप्रकाश,अभय देशलहरे,धर्मांशु देशलहरे हर्ष साहू,रोहित मिश्रा,निखिल गुप्ता,मोइन्द बंजारे,परिमल सिंहहनी साहू,राहुल सिंह,कुणाल ठाकुर,विवेक बंजारे,शशांक साहूनिखिल साहू,फरदीन रजा,दीपक बंजारे,पीयूष बघेल,राहुल कुमार सिंह,अंकित बांचूर,आधार्ष सिंह राजपूत,पीयूष साहूराहुल कुमार साहू,टी चैतन्य,रोहन कुर्व,सुनील सिंह,राहुल महिपाल नीतीश बर्ले,योगेश्वर सिंह,पीयूष चंद्राकर,हर्ष चंदेलसुमेश नायक,तरुष बघेल,हेमंत महिलांगे,देवेंद्र ,आर्यन छंदेंआर्यन देवांगन,सुमित महिलांगे,देवेंद्र बंजारे,देवेंद्र कुट्टेल हर्ष खड़का,रजत चंद्राकर,राहुल कांबले,संदीप भर्ती वीरेंद्र कुर्री सहित इत्यादि ने कांग्रेस प्रवेश किया।

## एएसपी हरीश राठौर ने खिलाड़ियों को किया किट वितरण

**कवर्धा, 7 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव के निर्देशन में कबीरधाम जिले के वनांचल क्षेत्र में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर ने कबीरधाम पुलिस द्वारा चयनित कबड्डी खिलाड़ी को न्यू जर्सी वितरण किया। चयनित खिलाड़ी आज धमतरी में आयोजित राज्य स्तरीय कब्बड़ी प्रतियोगिता में अपना जौहर दिखाएंगे। सभी चयनित खिलाड़ियों को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने खिलाडियों से कहा कि आप लोग अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले के साथ प्रदेश और देश का नाम रोशन करते रहे। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर वासनिक, शेर सिंह बंदे सहित खिलाड़ी उपस्थित थे।



# पीएम ने किया भिलाई पावर हाउस सहित छग के 7 स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 7 अगस्त।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन के पुनर्विकास के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भिलाई पावर हाउस, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, तिल्दा, अकलतरा और महासमुंद सहित 508 रेलवे स्टेशनों के पुर्नविकास का वर्च्यूअल शिलान्यास किया। इस दौरान जहां भिलाई पॉवर हाउस में केंद्रीय मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी वहीं दुर्ग में जिले के लोकसभा सांसद विजय बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं भिलाई पावर हाउस स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह के साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में भिलाई नगर निगम महापौर नीरज पाल पदमश्री श्रीमती उषा बारले,बिलासपुर डीआरएम कार्यालय बिलासपुर के एजीएम साहू उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में

विशेष रूप से पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय, जिला भाजपा अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चन्द्राकर, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता धर्मेन्द्र यादव, भाजपा के जिला महामंत्री योगेन्द्र सिंह, पूर्व अहिवारा विधायक सांवलाराम डाहरे, ठाकुर गौतम सिंह, पूर्व महापौर श्रीमती निर्मला यादव, रमेश माने, अजय भसीन, सीरिश अग्रवाल,



प्रेमलाल साहू, रविन्द्र सिंह, विजय जी,आर डी कोरी सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता एवं पावर हाउस रेलवे स्टेशन के वाणिज्यिक प्रमुख सहित आरपीएफ एवं जीआरपी सहित स्टेशन के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। इसके अलावा सांसद विजय बघेल के मुख्य आतिथ्य में दुर्ग स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में शहर विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, जागेश्वर साहू, संजय बघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, महामंत्री ललित चन्द्राकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, रेलवे क अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह ने कहा कि भारतीय रेल के इतिहास में एक और नया अध्याय जुड़ गया। आज 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए शिलान्यास होने जा रहा है इससे इन स्टेशनों में सभी प्रकार की सुविधाएं जुड़ जायेगी। हमारे देश की बड़ीसंख्या रेल पर निर्भर है, प्रतिदिन लगभग प्रतिदिन ढाई करोड़ लोग सफर करते है। इसलिए बहुत जरूरी है कि उनके लिए एक अच्छे और सर्वसुविधायुक्त स्टेशन की निर्माण हो। इसलिए आज जिन स्टेशनों का पुनर्निर्माण के लिए शिलान्यास हुआ है वह निर्धारित समय सीमा में सर्वसुधियुक्त और गुणवत्तापूर्ण के साथ ही पूरा होगा और यह स्टेशन अब विश्वस्तरीय बनकर तैयार होंगें। मंत्री श्रीमती सिंह ने आगे कहा किछत्तीसगढ़ में रेलवे के विकास के लिए केन्द्र सरकार ने 36 हजार करोड़ रूपये प्रदान किये गये जिसमें अब तक 28 हजार करोड़ रुपये का विकास कार्य हो चुका है। गत 7 जुलाई को प्रधानमंत्री श्री मोदी छग आये थे तो एक नई रेल का उन्होंने शिलान्यास किया है। सरगुजा क्षेत्र जो पूरा माइंस एरिया है, यहां के लोगों की मांग पर अम्बिकापुर से नई दिल्ली तक एक पूर्ण एस ट्रेन का परिचालन किया गया है। लोगों की एक बहुप्रतीक्षित मांग अम्बिकापुर रायपुर इंटरसिटी ट्रेन भी जल्द पूरी होने वाली है, लोगों की मांग को मैंने प्रधानमंत्री और रेलमंत्री के पास पहुंचा दी हूं। वहीं दुर्ग में इस इस वर्चुअल शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने कहा कि दुर्ग का रेलवे स्टेशन नया इतिहास रचने जा रहा है। आने वाले दिनों में दुर्ग स्टेशन में आने वाले रेल यात्रियों को एयरपोर्ट के जैसा अहसास होगा। न्होंने कहा कि दुर्ग स्टेशन के पुनर्विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के द्वारा दी गई सौगात को हम सब उनके आशीर्वाद के रूप में ग्रहण करते हुएकेन्द्र सरकार का आभार व्यक्त करते हैं। दुर्ग के कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल ने कहा कि स्टेशन के पुर्नविकास से जुड़े कामों के पूरा होने के बाद यात्रियों को एयरपोर्ट जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं मिला करेंगी अभी इस स्टेशन पर सभी मूलभूत सुविधाएं मिलती हैं लेकिन इस योजना के बाद में स्टेशन में व्यापक यात्री सुविधाओं का विस्तार हो जाएगा। भिलाई पावर हाउस स्टेशन की तस्वीर भी बदलने वाली है। गौरतलब रहे कि पुर्नविकास के बाद बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग स्टेशन हाईटेक यात्री सुविधाओं के साथ टेक्नोलॉजी, स्थानीय संस्कृति और समृद्ध विरासत का आकर्षक केंद्र बनेंगे। यात्रियों की संख्या बढने के साथ-साथ रोजगार बढने की व्यापक संभावना विकसित होगी जिसका लाभ स्थानीय लोगों को मिलेगा। शहर के दोनों किनारों के उचित एकीकरण के साथ इन स्टेशनों को सिटी सेंटर के रूप में विकसित करने के लिए मास्टर प्लान तैयार किए रहे हैं। यह एकीकृत दृष्टिकोण रेलवे स्टेशन के आसपास केंद्रित शहर के समग्र शहरी विकास की समग्र दृष्टि से प्रेरित है।

# गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को जन्मदिन पर बधाई देने उमड़ा जनसैलाब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,7 अगस्त।** प्रदेश के गृह,जेल, लोक निर्माण, धर्मस्व, पर्यटन व कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू को जन्मदिन पर रविवार को बधाई देने जनसैलाब उमड़ा। उनका हर कोई समर्थक व शुभचिंतक उन्हे बधाई देने उत्साहित रहा। फलस्वरुप श्री साहू के दुर्ग स्थित मीनाक्षी नगर आवास में सुबह से ही समर्थकों की भीड़ उमड़ी।जहां श्री साहू के समर्थकों व शुभचिंतकों ने उन्हे फूलमाला पहनाकर जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर को यादगार बनाने समर्थकों द्वारा श्री साहू को अपने-अपने अंदाज में शुभकामनाएं दी गई। कई समर्थकों ने उनके जन्मदिन पर केक काटा, तो कई लोगों द्वारा श्री साहू का फूलमालाओं से स्वागत व मिठाईयां बांटकर जन्मदिन की खुशियां मनाई गई। उत्साहित कार्यकर्ताओं द्वारा जमकर आतिशबाजी भी की गई। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के जन्मदिन परप्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उनके मीनाक्षी नगर स्थित आवास पहुंचे।मुख्यमंत्री द्वारा श्री साहू को जन्मदिन की बधाई देकर उनके दीर्घायु की कामना की गई। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने दूरभाष पर बधाई देकर श्री साहू के सुखमय जीवन की कामना की है। इसके अलावा प्रदेश के अन्य मंत्रीगणों व कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं ने दूरभाष पर उन्हे बधाई दीहै। विधायक अरुण वोरा, बेमेतरा विधायक आशीष छावड़ा,गुंडरदेही विधायक कुंवर निषाद,संगीता सिन्हा, दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल ,राजनांदगांव महापौर हेमा देशमुख, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष राजेन्द्र साहू, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष आर.एन. वर्मा, राज्य मदरसा बोर्ड अध्यक्ष अलताफ अहमद, समाजसेवी गौतम जैन,दुर्ग नगर निगम के राजस्व एवं बाजार विभाग प्रभारी और गंजपारा वार्ड-36 के पार्षद ऋषभ जैन(बाबू), राज्य श्रम कल्याण बोर्ड उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहल साहू राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष थानेश्वर साहू , केश शिल्प बोर्ड के अध्यक्ष नन्दकुमार सेन व अन्य विधायकों ,महापौर व प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने उनके आवास पहुंचकर बधाई दी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं में श्री साहू को बधाई देने होड़ लगी रही। दुर्ग जनपद पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख, रिसाली सभापति केशव बंछोर, भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष अतुलचंद साहू, तरुण बंजारे डुंडेरा, छत्तीसगढ़ रजिस्टर्ड कांट्रेक्टर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता, रवि सिंह,नीलू ठाकुर,श्री सांई मंदिर समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ, प्रदेश कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष कौशल किशोर सिंह,कांग्रेस नेता संजय लाखे,युकां नेता संदीप वोरा, कांग्रेस नेता बृजमोहन सिंह, विनोद गुप्ता, बृजेश शर्मा, ओम साहू,चेम्बर के प्रदेश मंत्री अशोक राठी के अलावा अन्य कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने श्री साहू को आवास पहुंचकर शुभकामनाएं दी। आईजी बीएन मीणा, कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा,एसपी सलभ सिन्हा के अलावा पीडब्ल्यूडी व अन्य विभागों के अधिकारीगण और पीडब्ल्यूडी विभाग के कॉन्ट्रेक्टर्स भी श्री साहू को बधाई देने उनके आवास पहुंचे थे। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हजारों की संख्या में रैली की शक्ल में मीनाक्षी नगर पहुंचकर श्री साहू को जन्मदिन की बधाई दी।गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने सभी के बधाईयों को आत्मीयता से स्वीकारा और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। जन्मदिन पर उमड़ी भीड़ से श्री साहू निवास में मेला जैसा माहौल रहा। श्री साहू को दुर्ग जिले के अलावा बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव व रायपुर से भी उनके समर्थक बधाई देने पहुंचे थे। इस दौरान गृहमंत्री श्री साहू के पुत्र व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जितेन्द्र साहू, समाजसेवी भूषण साहू व हर्ष साहू ने भी आए लोग से मुलाकात की ।

# युवा ठान लें तो पाटन विधानसभा में भाजपा के विजय अभियान को कोई नहीं रोक सकता:विजय बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 7 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर मण्डल क्षेत्र के नौजवान साथियों ने भारतीय जनता पार्टी के रीति नीति से प्रभावित होकर श्री विजय बघेल जी सांसद दुर्ग लोकसभा व लोकमनी चन्द्राकर अध्यक्ष उत्तर मण्डल की उपस्थिति में एव युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मोहन साहू के नेतृव में भाजपा प्रवेश किया। सभी कार्यकर्ताओं का भगवा गमछा एव माला पहनाकर अभिनंदन किया गया । उक्त अवसर पर विजय बघेल ने कहा कि युवा पीढ़ी देश के सक्षम नेतृव दमदार छबि के धनी देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यकुशलता से प्रभावित है । युवा राजनीति में अपना अवसर तलास रही है उन्हें मालूम है कि हमारा देश मोदी जी और भाजपा के पास ही सुरक्षित हैं द्य कांग्रेस की विचारधारा सिर्फ परिवार वाद तक ही सिमट गई है द्य कांग्रेस में लोकतंत्र नाम की कोई विषय नही रह गया है द्य राहुल गांधी अपने आप को युवा कहता है




और विदेश में जाकर भारत देश की बुराई करते थकते नही है । कांग्रेस एक ऐसा युवा को अपना नेता बना के रखी है जो सिर्फ देश को बदनाम करने के लिए काम करता है द्य क्षेत्र की युवा साथी कांग्रेस की रीति नीति को नकारते हुए भाजपा के लोकतांत्रिक प्रणाली से प्रभावित होकर प्रवेश कर रहे है । इन्ही युवाओं के भरोसे भाजपा पाटन विधानसभा में प्रचंड बहुमत से विजय प्राप्त करेगी । अभी क्षेत्र के बहुत सारे युवा साथी आने वाले दिनों में भाजपा प्रवेश करेगी द्य कांग्रेस में सिर्फ भ्रस्टाचारियो का बोलबाला है द्य कांग्रेस पार्टी में कार्यकर्ता अपने आपको बंधवा मजदूर की तरह महसूस करते है द्य सभी युवा साथियों का भाजपा में स्वागत और अभिनंदन है द्य आप सभी साथियों के मान सम्मान में कोई कमी नही होगी द्य पार्टी के हित लगातार आप करते रहेंगे सभी को शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ द्य उत्तर मण्डल अध्यक्ष लोकमनी चन्द्राकर ने कहा कि हिंदुत्व के मुद्दे पर युवा साथी अपना सर्वस्व न्यौछावर करने को तैयार है द्य आज का युवा कल देश का भविष्य है द्य भाजपा ऐसी पार्टी है जहां हर कार्यकर्ता का सपना पूरा होता है द्य यहां परिवार वाद की कोई स्थान नही है । भाजपा पार्टी एक छोटे से कार्यकर्ता को भी अपना नेता बना देती है। कार्यक्रम का संचालन कैलाश यादव एव आभार हर्षा चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जितेंद वर्मा जिला भाजपा अध्यक्ष, सच्चिदानंद उपासने प्रभारी पाटन विधानसभा, दयाराम साहू बैठक प्रभारी, संजय बघेल, हर्षा चंद्राकर सदस्य जिला पंचायत दुर्ग, देवेन्द चंदेल, दिलीप साहू जिला उपाध्यक्ष, बसंत चंद्राकर, रामअवतार साहू, शुभम शर्मा, सुरेन्द साहू, राजेश चंद्राकर, खिलावन वर्मा, मधुकांत साहू, गायत्री साहू, रेवती सोनकर, लक्ष्मी देवांगन, भारती यादव, फेरहाराम धीवर, राजेश चंद्राकर, उत्तरा सोनवानी,टीकाराम साहू, रामाधार साहू, गजेंद्र मढ़रिया, धर्मेंद्र सोनकर, धर्मेंद्र कौशिक, राकेश चंद्राकर, मोहन साहू, ए आर साहू, दयानंद सोनकर, रवि सिंगौर, राजू साहू, रविकांत कौशिक, कमाता पटेल, भागवत साहू, हितेश साहू, विवेक कौशिक, यमन मढ़रिया रामकुमार साहू, ललित यादव, विकास सोनी, पन्ना बंजारे, व्यास नारायण बांधे, मनहरण सिंगौर, चैन साहू, ताम्रध्वज साहू, सनी यादव, हरि साहू, हीरालाल साहू, डॉ आलोक पाल, सोहन निषाद, मृत्युंजय देवांगन, पुरण साहू, कुमार साहू, ओम प्रकाश साहू, ओमप्रकाश साहू, टिकेंड वर्मा, मुकुंद वर्मा, रामकुमार साहू, मनीष, राजेश बघेल, दुर्गेश साहू, शिव कुमार साहू, सुखदेव साहू, संतोष साहू, राधेलाल साहू, धनेश यादव, बलदेव पाटकर, मनोहर साहू,अमित गेन्द्रे, कमलेश साहू, सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुलिस ने 18 घंटे में 268 वारंटियों को पकड़ा



**भिलाई,7 जुलाई।** भिलाई दुर्ग पुलिस ने कॉबिंग गश्त कर 18 घंटे के भीतर कुल 268 वारंटियों को पकड़ा गया साथ ही जिले के समस्त बारों में एक साथ टीम ने चेकिंग की। एक ही समय पर शहर के समस्त बारों में छापा पड़ने पर बार संचालकों में हड़कंप मचा दुर्ग एसपी शलभ सिन्हा के द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना चौकी प्रभारियों की मीटिंग पुलिस कंट्रोल रूम में लेकर फरार वारंटीओं को गिरफ्तार करने निर्देश दिए गए थे रात 9 बजे से कांबिंग गश्त कराया गया था, जिसके बाद जिला दुर्ग के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी के द्वारा रात 9 बजे से चलाए गए अभियान में कुल 268 वारंटो की तामिल कराई गई दुर्ग पुलिस के द्वारा आरोपियों के वारंटों की तामील कराने कांबिंग गश्त की। इस गश्त के दौरान राजपत्रित अधिकारी , 17 थाना प्रभारी सहित 100 से अधिक पुलिस कर्मी तैनात किए गए थे। कांबिंग गश्त में पुलिस अधिकारियों एवं कमर्चारियों के द्वारा रात 9 बजे से लगातार बिना सोए, बरसते पानी में वारंटियों द्वारा पैदा किए गए व्यवधान से भी जूझते हुए लंबे समय से फरार वारंटीयो को पकड़ने में सफलता मिली। इसके अलावा गुंडा बदमाश को चेक किया गया। शहर के सभी थानों में वारंट के लंबित मामले बढ़ने, आरोपित के फरार होने व वारंट तामीली नहीं होने से न्यायालय मे प्रकरण लंबित थे। वारंट की तामीली होने से पीड़ितों को न्याय मिल सकेगा। दुर्ग पुलिस के द्वारा कल 18 घंटे से लगातार चल रही इस कवायद में कल 25 टीम बनाकर जिले के नामचीन बारों में एक साथ चेकिंग कार्यवाही भी की गई थी, जिससे बार संचालकों में हड़कंप मचा हुआ था एवं कई वारंटी भी पकड़े गए थे। शहर के दबंगों का अधिकारियों के पास लगातार फोन आ रहे थे, किंतु किसी की भी सिफारिश नहीं चली इसके अलावा निगरानी बदमाश, गुंडा बदमाशों की भी रात में सकुनत में सरप्राइस चेकिंग की गई और उन्हें किसी भी अपराध में शामिल ना होने की हिदायत दी गई।

### हिस्ट्रीशीटरों की अब खंगाली जाने लगी कुंडली, धरपकड़ तेज

**भिलाई,7 जुलाई।** भिलाई आगामी चुनाव से पहले ही दुर्ग जिले की पुलिस चुनावी मोड में आ गई है। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव को लेकर पुलिस अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। इसके साथ ही जिले के हिस्ट्रीशीटरों की कुंडली खंगाल रही है। इसके अलावा अपराधियों पर भी नजर रखना शुरु कर दिया है दुर्ग एसपी शलभ सिन्हा ने हाल ही में पुलिस कंट्रोल रूम में थाना प्रभारियों की बैठक ली गई थी। चुनावी संबंध में निर्देशित करते हुए जरुरी दिशा-निर्देश जारी किये है। पुलिस अधिकारी इसके लिए अपनी ओर से रूप-रेखा भी तैयार करने में जुट गए हैं। एसपी ने अपराधियों व सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पुराने पेंडिंग मामलों का जल्द से जल्द निराकरण करें और फरार चल रहे अपराधियों की धरपकड़ तेज करें। इसके अलावा वारंट तामील कराने पर ज्यादा से ज्यादा जोर दिया जाए।

# किसानों के साथ अन्याय कर रही है केंद्र सरकार:विजय वैष्णव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 7 जुलाई।** केन्द्र कि भाजपा सरकार के किसान विरोधी नीतियो के विरोध मे प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज केबिनेट मंत्री अकबर पंण्डरिया विधायक ममता चंद्राकर किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रामविलास साहू के निर्देश मे एवं कांग्रेस कमेंटी कबीरधाम जिलाध्यक्ष नीलकंठ चंद्रवंशी के अनुमति से केन्द्र कि भाजपा सरकार का मुख्य चेहरा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का किसान कॉग्रेस के समस्त ब्लाक अध्यक्ष नगर /शहर अध्यक्ष जिला एवं प्रदेश किसान कॉग्रेस के समस्त पदाधिकारियों ने किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विजय वैष्णव के संयुक्त नेतृत्व मे पुतला दहन कर महामहिम राष्ट्पति द्रौपदी मुर्मू भारत सरकार के नाम ज्ञापन जिलाधीश कबीरधाम के द्वारा प्रेषित किया गया जिन कारणो से पुतला दहन का हुआ इसके दो कारण है, पहला केन्द्र कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की बात करती हैं दुसरी ओर किसानों के अन्न उत्पादन के लिए उपयोग में आने वाली बीज खाद कृषि यंत्र ट्रैक्टर पर 12 प्रतिशत से लेकर



28 प्रतिशत तक जी एस टी टेक्स लगाया हैं जिसके कारण किसानों की आर्थिक स्थिति बदहाली के कागार पर पहुंच चुका हैं देश अधिकांश किसान कि केंद्र शासन के इस दोहरी नीति के कारण गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर हैं दूसरा केन्द्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने किसानों को खेती किसानी में आर्थिक मदद करने के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लागु करके देश के किसानों को कृषि कार्य के लिए एक वर्ष में तीन किश्तों में 6000 रुपये देने का निर्णय लिया और किसानों को वह राशि दिया गया और अब केन्द्र सरकार उसमें से बहुसंख्यक किसान को अपात्र बताकर उक्त योजना मे दि गई राशि वसूल करने के लिए अभियान चला रहीं हैं यह किसानों के साथ अन्याय हैं कहा और पुतला दहन किया जिससे भविष्य में केन्द्र सरकार कि किसान विरोधी नीतियो मे अंकुश लगाय जा सके। पुतला दहन के पुर्व आयोजित सभा को पुर्व मंडी अध्यक्ष लालजी चन्द्रवंशी, कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नीलकंठ चन्द्रवंशी, किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विजय वैष्णव, वालमिकी वर्मा विधानसभा अध्यक्ष, चन्द्रभान कोसले जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस, महेन्द्र कौशिक ,मणीकांत त्रिपाठी ने संबोधित किया ! इस कार्यक्रम मे विजय चन्द्रवंशी,अरुण साहू,विनोद चन्द्रवंशी, मनीश साहू आनंद मिश्रा, तुकेश्वर साहू, मोहन सिंगरौल, शिवराम सिह,जोहन लाल जांगडे, लुकराम साहु, जलेश्वर यादव, चन्द्रहाश बंजारे, मनोज चन्द्रवंशी, जोहन मिरी ,राजेश जांगडे ,भुनेश्वर वैष्णव ,हजारीलाल भास्कर, मोहन जायसवाल, गीताराम झारिया ,भरत वर्मा, बाकेलाल पटेल, नेकलाल मेरावी, गजराज टेकाम ,बेनेद्र लुर्कट, छोटेलाल यादव, परसराम साहू, सुकदेव चन्द्रवंशी, रीतुराज चन्द्रवंशी, पुरनसिंह धुर्वे, पंचू कोसरिया, सतेन्द्र वर्मा, लखेश्वर लोधी, कलफसिंग पात्रे, दीपक गुप्ता, भागवत चन्द्राकर , हर्चरनसिंग खनुजा सुरेश चन्द्राकर ,मिनाक्षी ठाकुर रविकान्त सिंग बैस ,सनत सिन्हा ,अश्विनी वर्मा, विष्णु सिगं नेताम, घनश्याम साहू, रामगोपाल वर्मा ,डा. कृष्णा साहू, लखनदास ,अग्रदास राय, पुरषोत्तम चन्द्रवंशी, शैलेन्द्रकुमार ,संजय धुर्वे ईशकुमार चन्द्रवंशी ,भोलाराम नेताम, यशवंत सत्यवंशी, मोतीलाल बंजारे, बृजेशसिंह चन्द्रवंशी, रोहित चन्द्रवंशी, सदानंद सत्यवंशी ,राजेश जांगडे सहित क्षेत्र के सैंकडो किसान उपस्थित रहे। मंच संचालन शिवेन्द्र वर्मा द्वारा किया गया।

## एक नजर

### रविंद्र नाथ टैगोर की पुण्यतिथि पर विधानसभा अध्यक्ष ने स्मरण करते हुए किया नमन

**रायपुर 7 अगस्त।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने राष्ट्रगान के रचयिता, कवि, उपन्यासकार, नाटककार, चित्रकार रवींद्रनाथ टैगोर की पुण्यतिथि पर स्मरण करते हुए उन्हें याद किया। डॉ. महंत ने कहा कि गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर जी मानवतावादी विचारक थे, जिन्होंने साहित्य, संगीत, कला और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में अपनी अनूठी प्रतिभा का परिचय दिया। रवींद्रनाथ टैगोर भारत ही नहीं एशिया के प्रथम व्यक्ति थे, जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्हें 1913 में उनकी कृति गीतांजलि के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उनका मानना था कि छात्रों को प्रकृति के सानिध्य में शिक्षा हासिल करनी चाहिए, अपने इसी सोच को ध्यान में रख कर उन्होंने शांति निकेतन की स्थापना की थी। देश की उन्नति और प्रगति में उनका अमिट योगदान रहा है ।

### अग्रसेन धाम में सावन झूला उत्सव मनाया

**रायपुर 7 अगस्त।** अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित आज 6 अगस्त को अग्रसेन धाम में सावन झूला उत्सव का कार्यक्रम रखा गया सभी महिलाए राजस्थानी थीम में तैयार होकर आई थी सेल्फी कॉर्नर में सभी ने बहुत ही स्टाइलिश तस्वीरें ली छोटे बड़े सभी सभी ने झूला झूला सावन के गीतों पर महिला मंडल के द्वारा नित्य किया गया सावन क्वीन की प्रतियोगिता दो वर्गो में रखी गई थी प्रथम वर्ग 45 तक से नीचे मे प्रीती अग्रवाल गुढ़िहारी प्रथम, द्वितीय निधि सरावागी आई, द्वितीय वर्ग 45 ऊपर प्रथम राजश्री अग्रवाल अग्रवाल द्वितीय नीलम अग्रवाल आई. बेस्ट स्माइल प्रतियोगिता में सरिता रेखानी को दिया गया. बेस्ट एक्टिव मेंबर में बॉबी जैन को पुरस्कृत किया गया. बेस्ट कपल में वंदना अग्रवाल को पुरस्कृत किया गया सावन के गीतों में जितने भी प्रतिभागियों ने नृत्य किया सभी को पुरस्कार दिया गया.सावन के गीतों मे प्रीती अभिषेक अग्रवाल द्वारा नारायणी दादी जी के भजन मे( सावन का महीना दादी जी महारी झूल रही दादी जी आओ भगता के हाथ में डोर) भजन मे आराध्या प्रीती द्वारा नित्य किया गया।



### शिवालयों में उमड़ी शिव भक्तों की भीड़



**रायपुर, 7 अगस्त।** आज श्रावण मास का पांचवे सोमवार है।आपको बता दें,19 साल बाद श्रावण मास में पुरुषोत्तम मास का संयोग बन रहा है। इसलिए इस साल श्रावण महीना 59 दिनों तक रहेगा। जिसमें आठ सोमवार पड़ रहे है। आठों सोमवार पर शिवलिंग का रुद्राभिषेक और मनमोहक श्रृंगार किया जाएगा। इसके अलावा भक्त शिव की भक्ती में डूबते हुए नजर आए। पांचवे सोमवार को शिवालयो में सुबह से भक्तों का तांता लगा हुआ है। मंदिरों में चारों तरफ हर-हर महादेव की गूंज सुनने को मिल रही है। वहीं चंगोराभाठा स्थित श्री सिखेस्वर शिव मंदिर नाथ महादेवा तालाब में सुबह से ही शिव के भक्त पूजा-अर्चना के लिए पहुंच गए है। भक्त बड़े उत्साह के साथ बाबा के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। सर्वराकार श्री योगेंद्र पुरी ने बताया कि आज भक्तों ने सुबह से ही पूजा अर्चना करने पहुंचने लगे मंदिर परिसर से कावड़ यात्रा निकाली एवम इसके पश्चात भगवान शिवजी का अभिषेक, सहस्त्रधारा एवं आरती के बाद भंडारा का आयोजन किया गया।भक्तो में कल्पना ठाकरे,धनेश्वरी साहू,भारती साहू,सरोज साहू,ममता ठाकुर,कमला गोस्वामी,महेश गोस्वामी,राज वर्मा,संतोषी साहू वेणु वर्मा,गोपाल,विष्णु,रितेश सोनी,विक्की मोटवानी, भुनेश्वर साहू,धनेश यादव सहित सैकड़ों भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया।

### केएसबी लिमिटेड ने 24.8 प्रतिशत बिक्री वृद्धि दर्ज की

**रायपुर 7 अगस्त।** भारत में अग्रणी पंप और वाल्व निर्माताओं में से एक, केएसबी लिमिटेड ने 2022 (जनवरी से जून 2022) की तुलना में की अपनी हॉफ ईयरली सेल में 10,809 मिलियन रुपए की सेल वैल्यू के साथ 24.8त्न की वृद्धि दर्ज की। वर्ष 2023 के दूसरे क्वार्टर के प्रदर्शन को सारांशित करते हुए, केएसबी लिमिटेड के सेल्स और मार्केटिंग के वाइस प्रेसिडेंट श्री फारुख भथेना ने कहा, केएसबी ने 2023 की दूसरे क्वार्टर के दौरान उल्लेखनीय प्रदर्शन और महत्वपूर्ण विकास प्रदर्शित किया।

# नायब तहसीलदार भी अब कहलाएंगे राजपत्रित अधिकारी: मुख्यमंत्री

## प्रशासन के महत्वपूर्ण अंग हैं कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा के अधिकारी: भूपेश बघेल



**रायपुर, 7 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने एक बड़ी घोषणा करते हुए नायब तहसीलदार के पद को राजपत्रित पद का दर्जा दे दिया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के द्वारा कृषि एवं प्रदेश के किसानों के विकास में राजस्व विभाग का योगदान थीम पर आयोजित प्रांतीय सम्मेलन में यह घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में भुइंया के मितान स्मारिका का भी विमोचन किया। सम्मेलन में कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ की प्रमोशन संबंधी मांग पर मुख्यमंत्री ने उन्हें विश्वास दिलाया है कि अधिकारियों का समय पर प्रमोशन जरूर होगा।

मुख्यमंत्री ने कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों कर्मचारियों के जिम्मेदारियों की बात करते हुए कहा कि आप सभी प्रशासन के महत्वपूर्ण अंग हैं और आपको बहुत सारे विविधतापूर्ण कार्य करने होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व अधिकारियों ने कोविड आपदा के समय महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाने और लोगों को सहायता पहुंचाने का काम किया था जिसकी वजह से पूरे देश में छत्तीसगढ़ की सराहना हुई।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह बहुत बड़ी उपलब्धि है कि बिना किसी शिकायत के पूरे प्रदेश में डेढ़ लाख एकड़ भूमि गौठानों के लिए आरक्षित की गई। यह काम कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों कर्मचारियों के कार्य के प्रति समर्पण को दिखाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासनिक कार्यों में कसावट और जनता की सेवा करने के जज्बे की वजह से आज सुकमा जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में भी जाति प्रमाण पत्र, नामांतरण और बंटवारा प्रमाण पत्र लोगों को उनके घर जाकर दिया जा रहा है।

सम्मेलन में राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री के भेंट मुलाकात कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने नए तहसीलों और अनुविभाग की मांग की जिसे मुख्यमंत्री ने पूरा किया। आम लोगों को सहूलियत हो और सरकार लोगों तक पहुंचे इसके लिए नए जिलों की स्थापना की गयी है। मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री प्रदीप शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि पूरे देश में सिर्फ तहसीलदार ही एक ऐसा पद है जो भारत ही नहीं बल्कि अन्य पड़ोसी देशों में भी इसी नाम से जाना जाता है। अतः जितना बड़ा इस पद का नाम है उसकी जिम्मेदारी भी उतनी ही बड़ी है जिसे अच्छी तरह से निभाना आप सभी की जिम्मेदारी है। राज्य स्तरीय प्रांतीय सम्मेलन में कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ की तरफ से प्रांताध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार लहरे, सचिव श्री विक्रांत सिंह राठौर, प्रवक्ता श्री शशिभूषण सोनी समेत राज्य भर से आए तहसीलदार और नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

# पंडरापानी से विचारपूर पहुंच मार्ग के नाले खस्ताहाल,लोग परेशान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 7 अगस्त।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंडरापानी के एवं विचारपुर के ग्रामीणो को आवाजाही मे भारी मुश्किलो का सामना कर रहे है इस ओर सिर्फ आश्वासन और दिलासा वाली झूठी राजनीतिक के शिकार लोगो को भारी बारीश मे आने जाने मे हो रही दिक्कत को समझने व सुनने वाला इस विधानसभा क्षेत्र मे कोई नही है ग्रामीणो ने बताया अभी खाना पूर्ती करने के लिए भरे बारीश मे खुदाई करवा रहे थे जिसे ग्रामीणो ने बंद करवाया विकास यहा पर विचार करने लायक दिखा सोचने वाली बात यह है कि जिस विकास के नाम पर रोडो का जाल बिछाने की बात कही जाती है वह खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के जोब से बैगा टोला पहूँच मार्ग मरकाकसा से जोब पहूँच मार्ग पंडरापानी से विचारपूर पहूँच मार्ग सारे खस्ताहाल यहा लोकार्पण उद्घाटन समारोह तक सिमित है विकास ऐसा देखने को मिला ग्रामीण जानो चर्चा करने पर बताया गया यहा नाला सबसे बड़ी समस्याओ मे एक है आगे बारीश है जिम्मेदार लोगो को चाहिये इस ओर अतिशीघ्र ध्यान आकर्षित कर लोगो को इस समस्या से निजात दिलवाऐ जिससे स्कूली बच्चे और आम जनों को राहत मिल सके।



# अभियान के चलते 8 गांवों के लोगों ने किया भाजपा प्रवेश



**खैरागढ 7 अगस्त।** विधानसभा चुनाव होने को अब सिर्फ कुछ ही दिन बाकी है ऐसे में खबर आई है कि केसीजी जिला भाजपा के छुईखदान मण्डल अंतर्गत बुंदेली क्षेत्र के सैकड़ो युवाओ ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद के समक्ष 258 युवाओ सहित 22 महिलाओं ने भाजपा में प्रवेश कर लिया है। बता दें कि छत्तीसगढ़ बीजेपी की रीति-नीति से प्रभावित होकर एक सप्ताह के अंदर राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के द्वारा चलाये जा रहे चलो संगवारी भाजपा संग जुड़बो अभियान से प्रेरित होकर ग्राम बुंदेली में बड़ा आयोजन कर दूसरी बार 8 ग्राम जिसमे बुंदेली, सुराडबरी, खैरी, नवागाव लोधी, तेंदूभांठा, सीताडबरी, मैनहर तथा विचारपुर के युवाओ ने भाजपा में प्रवेश किया उक्त कार्यक्रम में प्रवेश करने वाले युवाओ को गमछा पहनाकर स्वागत किया गया ततपश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा सभी वर्ग के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित किया जा रहा है लेकिन छत्तीसगढ़ में पौने पांच साल से सभी वर्गो को यहां के कांग्रेस सरकार द्वारा सिर्फ ठगा जा रहा है जिसमे गरीबो का प्रधानमंत्री आवास एक बहुत ही अच्छी योजना है जिसमे राज्य सरकार द्वारा गरीबो के आशियाने को बसाने से रोका गया साथ ही सभी वर्गो को राज्य सरकार द्वारा सिर्फ झूठ बोलकर सत्ता हासिल करके सिर्फ छत्तीसगढ़ को कर्ज में डुबोने का कार्य किया है जिसे जनता समझ चुकी है उन्होंने आगे कहा कि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह द्वारा चलाये जा रहे चलो संगवारी भाजपा संग जुड़बो अभियान की सराहना करते हुए कहा कि युवा अब राज्य की कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार हो जाये और छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनाने के लिए कार्य करे संबोधन की कड़ी में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि भाजपा में शामिल होकर आप सभी युवा यह संकल्प लेकर कार्य करे कि छत्तीसगढ़ में झूठ की बुनियाद खड़ी करके सत्ता में आई कांग्रेस सरकार को हटाना है एवं देश की सबसे बड़ी पार्टी जो राष्ट्रहित में कार्य कर रही है ऐसे भाजपा पार्टी की सरकार छत्तीसगढ़ में बनाने के लिए कमर कसकर कार्य करे श्री सिंह ने आगे कहा कि खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 1101 नए युवाओ को भाजपा में जोड़ने के उद्देश्य के साथ चलो संगवारी भाजपा संग जुड़बो अभियान चलाया जा रहा है जिसमे युवा उत्साहित होकर भाजपा में जुड़ रहे हैं।

# रायपुर की डॉ चानन गोयल हुई आउटस्टैंडिंग वुमन फिजियो अवार्ड से सम्मानित




**रायपुर 7 अगस्त।** नई दिल्ली में आज आयोजित नेशनल कांफ्रेंस में रायपुर की फिज़ियोथेरिपिस्ट डॉ. चानन गोयल को आउटस्टैंडिंग वुमन फिजियो अवार्ड से सम्मानित किया गया । संविधान क्लब में आयोजित इस सेमिनार में देश भर के फिजियोथेरिपिस्ट ने भाग लिया और शोध पत्र प्रस्तुत किया । उनके वैज्ञानिक शोध को दूसरा स्थान मिला है । यहाँ आयोजित फ़ैशन वाक में भी चानन को प्रथम स्थान मिला है ।डॉ. चानन इस समय शासकीय फिजियो कॉलेज रायपुर में बतौर डिमांस्ट्रेटर पदस्थ हैं और इनके शोधपत्र कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंच पर विशेषज्ञों द्वारा सराहे गए हैं।बच्चों में जेनेटिक डिसऑर्डर पर किए शोध अमरीकी जर्नल में प्रकाशित हुआ और गोयल नकवी सिंड्रोम नाम से अमेरिकी वैज्ञानिकों ने बीमारी का नामकरण किया है।

# भाजपाइयों ने विधायक इंद्रशाह मंडावी व सुरजू टेकाम का फूंका पुतला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया 7 अगस्त।** आदिवासी नेता सुरजू टेकाम द्वारा मानपुर में दिए गये विवादास्पद बयान को लेकर भाजपा छुरिया मंडल एवं कुमर्दा मंडल ने संयुक्त रूप से रविवार को पुराने बस स्टैण्ड छुरिया में सभा पश्चात मोहला मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी एवं आदिवासी नेता का पुतला दहन किया है.उल्लेखनीय है कि मानपुर में आदिवासी समाज की बैठक में क्षेत्र के एक आदिवासी नेता सुरजू टेकाम ने भाजपा को लेकर विवादित बयान दिया था. उन्होंने भरी सभा में यह कहा था कि यदि चुनाव के समय भाजपा नेता आदिवासी क्षेत्र में आये तो उन्हें काट डालो उनके इस बयान के बाद भाजपा ने कड़ा ऐतराज जताया है. इसके विरोध में पुराने बस स्टैण्ड में छुरिया भाजपा मंडल एवं कुमर्दा मंडल ने संयुक्त रूप से मोहला मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी एवं सुरजू टेकाम का पुतला दहन किया. इसके साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने इसकी कड़ी निन्दा करते हुए कहा कि इस आदिवासी नेता को कांग्रेस सरकार का संरक्षण प्राप्त है. अगर 10 दिन के भीतर आदिवासी नेता सुरजू टेकाम एवं विधायक मंडावी की गिरफ्तारी नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जायेगा. जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी. पुतला दहन को लेकर पुलिस एवं भाजपाईयों के बीच झूमा-झटकी भी हुई. पुलिस को छकाते हुए भाजपाई पुतला दहन करने में सफल रहे.. इस दौरान अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एम. डी. ठाकुर, जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डड्सेना, जिला भाजपा मंत्री कैलाश शर्मा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ललिता कंवर, जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव,किसान मोर्चा के अध्यक्ष हिरेन्द्र साहू, पूर्व प्रदेश मंत्री भाजयुमो जगजीत सिंह भाटिया, घांसी साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय पटेल, भाजपा महामंत्री संजय सिन्हा, भुनेश्वर साहू, मनीष जैन अनिरुद्ध चंद्राकर, भेषबाई साहू,मालती उईके ,कामता साहू, प्रिंस भाटिया, सोनू कसेर, मनीष त्रिपाठी, कुंदन बडोले, स्वप्निल पटेल,आबिद मेमन, टीकम साहू, अशोक सेन सहित बड़ी संख्या में भाजपाई उपस्थित थे।

# भारतीय कंपनी सचिव संस्थान रायपुर चैप्टर के 25 साल पूरे



**रायपुर 7 अगस्त।** डब्ल्युआईआरएसी ऑफ़ आईसीएसआई के रायपुर चैप्टर को 25 साल पूरे हो चुके हैं और इस अवसर पर 5 अगस्त, 2023 (शनिवार) को होटल बेबीलोन कैपिटल, वीआईपी चौक, रायपुर, (छत्तीसगढ़) में एक वार्षिक राज्य सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह एक महत्वपूर्ण शाम है, जब डब्ल्युआईआरएसी ऑफ़ आईसीएसआई के रायपुर चैप्टर द्वारा न केवल पिछले 25 सालों की उपलब्धियों का जश्न मनाया जा रहा है, बल्कि अपने चैप्टर की एक छोटी सी शुरुआत से इस उल्लेखनीय वृद्धि तक के सफ़र को भी याद किया जाएगा। आईपीएस एवं सीएस, श्री इंदिरा कल्याण एलेसेला कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हो रहे हैं। सीएस मनीष गुप्ता, प्रेसिडेंट, आईसीएसआई; सीएस बी. नरसिम्हन, वाईस-प्रेसिडेंट, आईसीएसआई और सीएस अमृता नौटियाल, चेयरपर्सन, डब्ल्यूआईआरसी भी इस अवसर पर मौजूद रहकर कार्यक्रम को यादगार बनायेंगे। कार्यक्रम का संचालन एक विस्तृत एजेंडे के साथ किया जाएगा। सबसे पहले उद्घाटन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद लंच एवं हाई-टी की व्यवस्था की जाएगी। सदस्यों के बीच स्वस्थ हृदय के संदेश का प्रसार करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत हमने मशहूर डॉक्टर, श्री चंदन शुक्ला को आमंत्रित किया है, जो आज की व्यस्त जीवनशैली और टेक्नोलॉजी पर आधारित दुनिया में प्राकृतिक रूप से हृदय को स्वस्थ बनाये रखने के उपाय साझा करेंगे। हमारा मानना है कि यह छोटा सा प्रयास हमारी सेहत की सुरक्षा करने की ओर बहुमूल्य व व्यवहारिक परामर्श के साथ काफ़ी फ़ायदेमंद साबित होगा।

# नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**राजनांदगांव 7 अगस्त।** थाना बसंतपुर में प्रार्थीया/पीड़िता द्वारा लिखित शिकायत आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि, दिनांक 05.08.2023 को दोपहर करीबन 01:30 बजे अपने ब्वाय फ्रेन्ड राहुल सोनकर के साथ पनेका एक्टिवा में बैठकर घूमने गई थी। पनेका ओव्हर ब्रीज के नीचे बैठकर बातचीत कर रहें थे, उसी समय चार अज्ञात लड़के आये, पीड़िता के साथ बदतमिजी करने लगे और बेइज्जती करने की नियत से हाथ, बांह पकड़कर छेड़खानी के कोशिश व गाली-गलौज कर मारपीट किये है, कि रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 391/2023 धारा 354, 354(क), 354(ख), 294, 323, 34 भादवि0 एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का सरंक्षण अधिनियम 2012 की धारा 10 कायम कर विवेचना में लिया जाकर मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश व मार्गदर्षन में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक शिव चन्द्रा के द्वारा तत्काल बसंतपुर पुलिस टीम द्वारा प्रार्थीया के बताये हुलिया अनुसार आरोपीगण का पता तलाश कर आरोपीगण मिलने पर गहनता से पुछताछ किया गया। आरोपीगण द्वारा जुर्म स्वीकार ने पर आरोपीगण अपना नाम 01 लव कुमार यादव पिता अनिल यादव उम्र 28 साल निवासी ग्राम पनेका थाना बसंतपुर 02 राहुल यादव पिता स्व0 गोपाल यादव उम्र 26 साल निवासी न्यू बस स्टैण्ड दुर्ग 03 विकास कुमार पिता महेन्द्र गोस्वामी उम्र 23 साल निवासी ग्राम पनेका थाना बसंतपुर 04 देव्यांष साहू पिता राजू लाल साहू उम्र 19 साल निवासी पनेका थाना बसंतपुर को दिनांक 05.08.2023 विधिवत गिरफ्तार कर आज दिनांक 06.08.23 ज्यूडिषियल न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# जुआरियों के विरुद्ध सायबर सेल व चौकी चिखली पुलिस की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 7 अगस्त।** वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में अवैध जुआ, सटटा के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत सायबर सेल राजनांदगांव एवं पुलिस चौकी चिखली पुलिस की संयुक्ट टीम द्वारा ग्राम तिलई खार में 52 पत्ती ताश से रूपये पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे 07 जुआरियान 01. रोहित बांसफोड पिता अजय बांसफोड उर्फ बिहारी उम्र 19 साल निवासी लखोली बैगापारा अटल आवास थाना कोतवाली राजनांदगांव, 02. मनोज साहू पिता मनराखन साहू उम्र 26 साल निवासी राजीव नगर ब्रम्हदेव चौक लखोली थाना कोतवाली राजनांदगांव, 03. दिनु मेश्राम पिता माखन मेश्राम उम्र 26 साल निवासी गंज चौक हनुमान मंदिर के पास थाना कोतवाली राजनांदगांव, 04. संजय सोनकर पिता मयाराम सोनकर उम्र 24 साल निवासी गोलबाजार काली मंदिर के पास शंकर मोबाईल के पास काली चरण गुप्ता दुकान थाना कोतवाली राजनांदगांव, 05. मोनू बांसफोड पिता गणेश बांसफोड उम्र 19 साल निवासी बैगापारा नंदू सेलून के पास लखोली थाना कोतवाली राजनांदगांव, 06. हेमंत उईके पिता नेमीचंद उईके उम्र 22 साल निवासी लखोली मुरूम खदान के पास अटल आवास थाना कोतवाली राजनांदगांव, 07. दीपक वैष्णव पिता बलदाउ वैष्णव उम्र 18 साल निवासी राजीवनगर बाबा होटल के पास लखोली थाना कोतवाली राजनांदगांव के पास एवं फड से नगदी रकम 14500/- रूपयें एवं 52 पत्ती ताश जप्त कर छ0ग0 जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्यवाही किया गया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को लगातार राशि का किया जा रहा भुगतान

**राजनांदगांव 7 अगस्त।** समाचार पत्रों में श्री महादेव यादव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की किश्त नहीं मिलने पर मृत्यु होने संबंधी समाचार प्रकाशित हुआ है। इस संबंध में तथ्यों की जांच की गई है कि आवास श्री महादेव यादव के नाम से स्वीकृत नहीं है बल्कि उनकी पत्नी श्रीमती ललिता बाई यादव एवं श्रीमती जंत्री बाई यादव के नाम से स्वीकृत है। श्री महादेव यादव वार्ड क्रमांक 44 में रहते थे। श्री महादेव यादव के द्वारा पत्नी श्रीमती ललिता यादव एवं सास श्रीमती जंत्री बाई यादव के आवास का निर्माण कार्य किया जा रहा था। आवास निर्माण कार्य की प्रगति के अनुसार श्री महादेव यादव की सास को दो किश्तों का भुगतान किया जा चुका है। 27 जून 2023 तक 1 लाख 28 हजार 622 रूपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है। 9 फरवरी 2023 को पहली किस्त की राशि 53 हजार 593 रूपए तथा 27 जून 2023 को दूसरे किस्त की राशि 75 हजार 31 रूपए का भुगतान लिंटल स्तर के लिए किया गया है। आवास निर्माण कार्य की प्रगति के अनुसार उनकी पत्नी श्रीमती ललिता यादव को 18 जुलाई 2023 तक 56 हजार 531 रूपए की राशि का भुगतान नींव स्तर के लिए किया जा चुका है। दोनों हितग्राही को 1 लाख 85 हजार 155 रूपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को लगातार भुगतान किया जा रहा है और शासन द्वारा प्राप्त राशि की प्रक्रिया सतत जारी है। विगत माह 8 करोड़ की राशि शासन से प्राप्त हुई थी। जिसका पूर्ण भुगतान हितग्राहियों को किया जा चुका है। श्री महादेव यादव के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के किश्त की राशि भुगतान के संबंध में नगर निगम कार्यालय में कभी किसी प्रकार से लिखित या मौखिक शिकायत नहीं की गई है और न ही इस संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री महादेव यादव द्वारा वार्ड क्रमांक 44 में अन्य हितग्राहियों के स्वीकृत आवासों के ठेकेदारी करते हुए आवास निर्माण का कार्य किया जाता था। श्री महादेव यादव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की किश्त नहीं मिलने पर जहर सेवन करने की अफवाह भ्रामक एवं निराधार है।

# पुलिस ने परिजनों के साथ शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 7 अगस्त।** थाना गातापार के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम भावे के घोडापाठ पहाडी जंगल में नक्सलियों से लोह लेते हुये शहीद उप निरीक्षक युगल किशोर वर्मा, शहीद आरक्षक कृष लाल साहू अपने प्राणों की दी थी आहुती। दिनांक 03.02.17 को ग्राम भावे से उत्तर दिशा की ओर पहाड़ी जंगल में नक्सलियों से मुठभेड़ में सहायक आरक्षक क्र0-53 सुखुराम नेताम द्वारा अपने मातृभूमि रक्षा के लिए नक्सलियों से लोहा लेते हुये वीरगति को प्राप्त हो गये। दिनांक 06.08.2017 को माओवादी नक्सलियों के होने की सूचना पर सर्चिंग हेतु रवाना हुए थे। सर्चिंग करते पुलिस पार्टी भावे के आगे घोड़ापाठ जंगल की ओर बढ़ रहे थे कि घोड़ापाठ जंगल के ऊपर भावे से 03 किमी दूरी पर पुलिस पार्टी को देखकर करीबन 13:30 बजे नक्सलियों द्वारा जान से मारने की नीयत से एक राय होकर आधुनिक हथियारों से अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। पुलिस पार्टी द्वारा भी वितरणशुदा आर्म्स एम्युनेशन से आत्मरक्षार्थ पोजीशन लेकर जवाबी फायरिंग किया गया। इस दौरान बहादूरी से लड़ रहे उनि0 युगल किशोर वर्मा एवं आरक्षक 962 कृषलाल साहू द्वारा अपने मातृभूमि के लिए प्राणों की आहुती देकर शहीद हो गए। दिनांक 03.02.2017 को ग्राम भावे से उत्तर दिशा की ओर पहाड़ी जंगल में 34-35 की संख्या में सशस्त्र वर्दीधारी महिला पुरूष माओवादी नक्सलियों द्वारा पुलिस पार्टी को देख कर जान से मारने की नियत से आटोमैटिक हथियारों से अंधाधुंध फायरिंग करने लगे तब पुलिस पार्टी द्वारा भी चारो तरफ से घेराबंदी कर आत्मसरक्षार्थ जवाबी फायर करते हुये आगे बढ़ने लगे। नक्सलियों के साथ मुठभेड में सहायक आरक्षक क्र0-53 सुखुराम नेताम द्वारा अपने मातृभूमि रक्षा के लिए नक्सलियों से लोहा लेते हुये वीरगति को प्राप्त हो गये। इस अवसर पर शहीद स्मारक रक्षित केंद्र राजनांदगांव में शहीद परिवार के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल, डीएसपी नेहा वर्मा, डीएसपी हेमप्रकाश नायक एवं थाना प्रभारी कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग, ओपी तुमड़ीबोड़ व पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## संपादकीय

# सच जानने सर्वे तो जरूरी है

राम जन्मभूमि की तरह ज्ञानवापी का भी विवाद बहुत पुराना है। विवाद तो इस तरह हल नहीं हो सकता है कि एक पक्ष कहे कि यहां मंदिर था, उसे तोड़कर मस्जिद बनाई गई है। मस्जिद के भीतर शिवलिंग है। दूसरा पक्ष कहे कि हम यहां बरसों से नमाज पढ़ रहे है, इसलिए यह मस्जिद है। यहा मंदिर था, उस तोड़कर मस्जिद बनाई गई है या यहां पहले से मस्जिद थी, इस सच का पता तो पुरातत्व विभाग के सर्वे से ही चल सकेगा। जिसे भी सच जानने में रुचि होगी, वह तो चाहेगा ही कि यहां पुरातत्व विभाग का सर्वे तो होना ही चाहिए। जिसे सच नहीं जानना है तथा अपनी बात को ही सच मनवाना हो, वही कह सकता है कि यहां सर्वे करवाने की कोई जरूरत नहीं है। रामजन्मभूमि से सच का पता भी तो सर्वे से चला था, उसी के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुनाया था। हिंदू पक्ष तो शुरू से चाहता है कि सर्वे हो जाए तथा जो भी सच सामने आए उसे सब स्वीकार करें। मुस्लिम पक्ष ही इस बात पर अड़ा हुआ था कि सर्वे ही नहीं होना चाहिए। वह सर्वे न होने देने के लिए निचली अदालतों से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक हर तरह से अडंगे लगाता रहा कि कहीं से सर्वे पर रोक लगाने का आदेश मिल जाए। उसे सुप्रीम कोर्ट से उम्मीद थी कि वह तो जरूर मुस्लिम पक्ष के तर्कों पर विश्वास करेगा और पुरातत्व विभाग के सर्वे पर रोक जरूर लगाएगा। सुप्रीम कोर्ट में उसने कई तरह के तर्क दिए जिससे सर्वे पर रोक लग जाए। उसने वरशिप एकट की बात भी कही। सुप्रीम कोर्ट ने नहीं मानी। उसने कोर्ट से कहा कि आप पुराने घाव कुरेद रहे हो। यह अच्छी बात नहीं है। उसने पुरातत्व विभाग पर आरोप लगाया कि वह खुदाई करेगा तो कोर्ट ने आश्वस्त किया कि बिना खुदाई किए ही सर्वे किया जाएगा। यानी मुस्लिम पक्ष ने जितने अड़ंगे लगाए सब बेकार गए। कोर्ट भी चाहता है सच सामने आना चाहिए. विवाद हल हगोना चाहिए। हिंदू पक्ष भी तो यही चाहता है कि जिस तरह भी विवाद हल हो जाए उसी तरह विवाद हल हो जाना चाहिए। जिस तरह रामजन्म भूमि का विवाद हल हो गया उसी तरह ज्ञानवापी का विवाद भी हल हो जाए तो इससे अच्छी बात क्या हो सकती है। रामजन्मभूमि विवाद की तुलना में ज्ञानवापी विवाद का हल ज्यादा आसान है। क्योंकि रामजन्मभूमि में सारे सबूत जमीन के भीतर थे। दिखाई ही नहीं देते थे। इसलिए पता ही नहीं चलता था कि यहां राम जन्मभूमि है तो कैसे साबित किया जाए। इसलिए वहां खुदाई करवानी पड़ी। ज्ञानवापी मामला तो रामजन्मभूमि की तुलना में सब कुछ बाहर है, दिखाई देता है। मंदिर होने के सबूत तो ज्ञानवापी की दीवारों मं हिंदू कलाकृतियों के रूप में स्पष्ट हैं। कोई भी इन सबूतों को देखकर कह सकता है यह मंदिर था, इसे मस्जिद बाद में बनाई गई है। कमल फूल,पान का पत्ता, त्रिशूल, संस्कृत के श्लोक, देवाी देवताओं की खंडित मूर्तियां आदि देखकर कोई भी कह सकता है यह तो हिंदू मंदिर है। पुरात्तव विभाग के सवे में भी यह सब बाते और साफ होकर आएंगी। कोई भी इस आधार पर तो यही फैसला देगा कि यह मंदिर है। मस्जिद में तो ऐसी कलाकृतियां कहीं मिलती हैं, देखी नहीं जाती है। इसलिए कोई इसे मस्जिद तो मानेगा नहीं। रामजन्मभूमि विवाद को सुलझाने में जिस तरह कई सदियां लग गईं, उसकी तुलना में ज्ञानवापी का मामले एक दो साल में सुलझ जाएगा। इसकी वजह यह है कि राजनीतिक हालात ऐसे हैं। राम जन्म भूमि विवाद के समय कांग्रेस सत्ता में रही, उसने इस मामले को हल होने की जगह लटकाए रखा। अब भाजपा की सरकार है, इस मामले को लटकाने की कोशिशे तो हुई लेकिन देश का माहौल सहित सब कुछ अनुकूल होने के कारण इस मामले को ज्यादा समय तक लटकाया नहीं जा सका। यहां यह समझने की जरूरत है कि हर देश की जमीन का एक मूल स्वभाव होता है, वह कभी बदलता नहीं है।

## आज का राशिफल

मेष राशिःआज का दिन शानदार रहने वाला है। आप उल्लास और कुछ बेहतरीन कर गुजरने के मूड में रहेंगे। आपके सामने कुछ अच्छे अवसर आएंगे आप उसका पूरा लाभ उठाने के लिए तैयार रहें। आर्थिक पक्ष आज मजबूत रहेगा। परिवारवालों के साथ आनंद के पल बीताएंगे। इस राशि के जो लोग वकालत के क्षेत्र से जुड़े हैं, उनके लिए दिन अच्छा रहेगा। करीबी आज आपसे मदद की मांग कर सकते हैं। इस राशि के छात्रों को आज मेहनत करने से अच्छी सफलता मिल सकती है। आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

वृष राशिःआज का दिन बहुत अच्छा रहने वाला है। आपके पहले किए गए प्रयासों का पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा। इस राशि के बिजनेसमैन को थोड़ी ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। आपका दिन परिवारवालों के साथ बितेगा। जिससें परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। छात्रों के लिए आज का दिन ठीक है। आपको कुछ अच्छा सीखने को मिलेगा। शारीरिक दृष्टि से आज आपका हेल्थ बेहतर रहेगा। लवमेट्स आज अपने मन की बात एक दूसरे से शेयर करेंगे। व्यापार की गति बढ़ाने के लिए कुछ नया प्लान करेंगे।

मिथुन राशिःआज का दिन सामान्य रहने वाला है। ऑफिस के किसी काम को करने में थोड़ी रुकावट आ सकती है, लेकिन सहकर्मियों के सहयोग से समय से पूरा करने में सफल होंगे। कार्यो में जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। आर्थिक पक्ष सामान्य रहेगा। साझेदारी में किया गया काम फायदेमंद रहेगा। अपने उदार स्वाभाव से लोगों को अपनी ओर अट्रैक्ट कर पाएंगे। आपके मन में भावनात्मक उथल-पुथल रहेगी। आप अपनी छुपी ख़ासियत का इस्तेमाल कर दिन को बेहतरीन बनाने में सफल रहेंगे। कोई प्रॉपर्टी लेने का मन बनाएंगे।

कर्क राशिःआज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आपको जरूरी कामों में सफलता मिलने वाली है। अगर आप कोई नया बिजनेस स्टार्ट करने की सोच रहे हैं तो थोड़ा रुक जाएं। इस राशि के वकिल आज किसी पुराने केस की स्टडी करेंगे। दाम्पत्य जीवन में मधुरता आएगी। साथी को समझने का प्रयास करेंगे जिससे रिश्तें मजबूत होंगे। घर के बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। महिलाओं के लिए दिन राहतपूर्ण रहेगा। घर के कामों में बच्चों की मदद मिलेगी जिससे आपका काम आसान हो जाएगा। आपका स्वास्थ अच्छा रहेगा।

सिंह राशिःआज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। जो भी काम आपके लिए खास हैं, उसे आज समय से पहले पूरा करने की कोशिश करेंगे, इसमे आपको सफलता भी मिलेगी। इस राशि के छात्रों को कम मेहनत करने से भी सफलता हासिल हो सकती है। नवविवाहित आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझेंगे और उनकी मन की बात जानने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी। व्यापार में आ रही रुकावट से छुटकारा पाने के लिए कोई महत्वपूर्ण सलाह मिलेगी, जिससे आपकी मुश्किल आसान हो सकती है। लवमेट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

कन्या राशिःआज का दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है। किसी जरूरी काम को पूरा करने में कोई दोस्त अचानक काम आ सकता है। परिवार संग किसी धार्मिक कार्य में मन लगाएंगे जिससे मन शांत रहेगा। व्यापार को बढ़ाने के नए तरीके सोचेंगे जिससे भविष्य में आपको फायदा होगा। पैसों के क्षेत्र में कुछ नई पहल भी आप कर सकते हैं। आपको हर कोशिश में अपने जीवनसाथी का साथ मिलेगा, उनके विचार भी आपके काम आएंगे। स्वास्थ्य आज पहले से बेहतर रहेगा।

तुला राशिःआज का दिन अच्छा रहने वाला है। समझदारी के साथ काम करेंगे तो आपको कारोबार में आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त होगा। आपको जो भी काम दिया जाए उसे स्वीकार कर लें, क्योंकि आपको काफी धनलाभ होगा। जो भी करेंगे, उसके साथ कुछ एक्स्ट्रा जिम्मेदारी भी रहेगी। लोग अपनी परेशानियां आपके सामने रखेंगे। जिसे आप आसानी से सुलझा देंगे। इस राशि के छात्र आज करियर में आगे बढ़ने के लिए अपने गुरू की मदद लेंगे। सभी के साथ हंसी-खुशी दिन बीतेगा। दाम्पत्य जीवन शानदार रहने वाला है।

वृश्चिक राशिःआज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। कुछ लोगों का व्यवहार आज आपकी समझ से बाहर रहेगा। जरूरत पड़ने पर साथ के कुछ लोग आपकी मदद करेंगे। साथ ऐसी स्थितियों में जीवनसाथी का भी सहयोग प्राप्त होगा। बच्चों का समय घर पर दादा-दादी के साथ बितेगा और उनसे कुछ बातें करेंगे। घर का माहौल खुशनुमा रहेगा। अचानक धन लाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। छात्रों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

धनु राशिःआज का दिन बढ़िया रहने वाला है। बैंक से जुड़े लेन-देन में काफी सावधानी बरतने की जरूरत है। इस राशि के विवाहित अपने जीवनसाथी पर भरोसा बनाएं रखें, गलतफहमियों से रिश्ते में उलझन बढ़ सकता है। इस राशी के मेडिकल स्टूडेंटस को कुछ अच्छा सीखने को मिलेगा, जो भविष्य में आपके काम आएगा। छात्र आज कुछ नया सीखने का मन बनाएंगे। वेब-डिजाईनर्स के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। व्यापार में आज रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होने के योग बने हुए है।

मकर राशिः आज का दिन व्यस्तता में बीतेगा। पारिवारिक जिम्मेदारियां पूरा करने में सफल होंगे। आपके सपने साकार होते हुए नजर आएंगे। खुद को आर्थिक रूप से मजबूत महसूस करेंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। इस राशि के छात्रों के पढ़ाई में आ रही रुकावटें आज किसी दोस्त की सहायता से सॉल्व हो जाएगी। दाम्पत्य जीवन में खुशियां आएंगी। बच्चे आज का दिन खेल-कूद में व्यतीत करेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

कुंभ राशिःआज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। इस राशि के व्यापारी वर्ग के लोगों को फायदा होने के योग बन रहे हैं। साथ ही कार्यक्षेत्र में बढ़ोत्तरी भी होगी। आप कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। दाम्पत्य जीवन में खुशियां आएंगी। लवमेट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आपके सेहत में सुधार आएगा। छात्रों को उनके मेहनत के अनुरूप सफलता मिलेगी। आप ऑफिस का कार्य समय पर पूरा करने में सफल होंगे। बॉस आपकी तारीफ करेंगे।

मीन राशिःआज अपनी सोच सकारात्मक रखें। भविष्य को और बेहतर बनाने के लिए प्लान बनाएंगे। जिसमें घरवालों की मदद मिलेगी। इस राशि के छात्रों को आज अपने लिए नए अवसरों की तलाश करनी होगी। इस राशि के जो लोग मैकनिकल की तैयारी कर रहे हैं आज उन्हें जल्द ही किसी अच्छी कम्पनी से जॉब के लिए कॉल आ सकती है। लवमेट्स एक दूसरे की भावनाओं की कद्र करेंगे। जिससे रिश्तें में और मजबूती आएगी। दाम्पत्य जीवन में खुशियां आएगी।

# 'गांधी' की राह पर राहुल

### राजनीति

**तनवीर जाफ़री**



देश ने वह इतिहास भी देखा है जबकि जून 1975 में आपातकाल की घोषणा करने व स्वतंत्र मीडिया को केंद्रीय सत्ता द्वारा नियंत्रित करने जैसे प्रयासों के बाद 'तानाशाह ' के रूप में प्रचारित की गयी इंदिरा गाँधी को देश की जनता ने सत्ता से हटा दिया था। उस समय इंदिरा गांधी का व्यक्तित्व विश्व के बड़े व लोकप्रिय नेताओं में हुआ करता था। 5 वर्ष पूर्व ही इंदिरा गाँधी के फ़ैसलों की बदौलत पाकिस्तान विभाजित हुआ था और बांग्लादेश नमक नया राष्ट्र अस्तित्व में आया था। इंदिरा गाँधी के सबल व कुशल नेतृत्व में ही भारतीय सेना ने 13 दिवसीय युद्ध के बाद 16 दिसंबर 1971 को ढाका में पाकिस्तानी सेना के 93,000 से अधिक सैनिकों का आत्मसमर्पण कराया था।यह अब तक का विश्व का सबसे बड़ा सैन्य आत्म समर्पण है। इस निर्णायक जीत के बाद ही भारत एशिया में एक प्रमुख क्षेत्रीय शक्ति के रूप में स्थापित हो गया था। परन्तु इंदिरा गांधी की इतनी महान राजनैतिक शख़्सियत होने के बावजूद देश की जनता ने उनके किसी भी तानाशाही प्रयासों को स्वीकार नहीं किया और आपातकाल हटने के बाद होने वाले चुनाव में 1977 में उन्हें सत्ता से बेदख़ल कर दिया। जनता पार्टी की सरकार बनते ही इंदिरा गाँधी को सताने व उन पर मुक़द्दमे चलाने व जाँच कमीशन बिठाने का सिलसिला शुरू हुआ। जनता यह भी ग़ौर से देखती रही। इंदिरा गाँधी व उनके पुत्र संजय गाँधी दोनों पर अनेक मुक़द्दमे चलने लगे। यहाँ तक कि 3 अक्टूबर 1977 को सीबीआई के अधिकारीयों ने शाम सवा 5 बजे इंदिरा गांधी को उनके घर से गिरफ़्तार कर लिया। दरअसल लाल कृष्ण आडवाणी सहित और भी कई नेता आपातकाल के दौरान विपक्षी नेताओं के साथ हुई कथित ज़्यादती का बदला लेने की ग़रज़ से इंदिरा गाँधी को गिरफ़्तार कर उन्हें जेल भेज कर अपमानित करना चाहते थे। यही वजह थी कि सत्ता के इशारे पर सीबीआई के अधिकारीयों ने



इंदिरा गाँधी को शाम सवा 5 बजे केवल इसलिये गिरफ़्तार किया ताकि उन्हें तत्काल ज़मानत का अवसर न मिल सके और उन्हें कम से कम एक रात जेल में ज़रूर गुज़ारनी पड़े। बिना सुबूत के और केवल बदला लेने की ग़रज़ से की गयी इस गिरफ़्तारी में भी जब क़ानूनी कार्यवाही शुरू हुई और जज ने इंदिरा गाँधी पर लगाये जा रहे भ्रष्टाचारों के सबूत तलब किये तो उस समय भी अभियोग पक्ष ( सरकार )के पास इंदिरा गाँधी को अपराधी साबित करने का के लिये कोई सबूत नहीं था। परिणाम स्वरूप इंदिरा गाँधी को अदालत ने बरी कर दिया। और जब जनता पार्टी में सर फुट्टव्वल मची तो इंदिरा गांधी की राजनैतिक सूझबूझ के चलते 1979 में देश में लोकसभा के उपचुनाव हुए। और मात्र ढाई वर्ष पूर्व सत्ता से तानाशाही जैसे आरोपों में सत्ता से हटने वाली इंदिरा गाँधी की सत्ता में पुनः वापसी हुई। इसी लिये इंदिरा गांधी से बदला लेने हेतु की गयी इस गिरफ़्तारी को 'ऑपरेशन ब्लंडर' का नाम दिया गया था। कुछ वैसे ही या उससे भी बदतर हालात देश में एक बार फ़िर नज़र आ रहे हैं। राष्ट्र निर्माता प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू को वर्तमान सत्ताधारियों व उनकी विचारधारा के लोगों द्वारा खूब अपमानित किया जा रहा है। उनकी उपलब्धियों को छुपाकर उनके चरित्र व तमाम राजनैतिक फ़ैसलों को दोषपूर्ण बताया जाता है। सोनिया गाँधी व उनके पुत्र कांग्रेस अध्यक्ष रहे राहुल गाँधी को अनेक मामलों में फंसाने की कोशिशें की जा रही हैं। नेशनल हेराल्ड से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग केस के नाम पर 75 वर्षीय सोनिया गांधी व राहुल गांधी से उन्हें कई बार ईडी के कार्यालय बुलाकर लंबी पूछताछ की गयी। यह भी राजनीतिक द्वेष की भावना से की गई कार्रवाई थी। दरअसल दक्षिण पंथियों को स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाने वाले नेहरू-गाँधी परिवार व कांग्रेस पार्टी से इसलिये भी नफ़रत है क्योंकि यह परिवार व कांग्रेस पार्टी भारत की आत्मा में बसने वाली धर्मनिरपेक्ष विचारधारा के ध्वजावाहक है। जबकि वर्तमान केंद्रीय सत्ता खांटी हिंदूवादी सोच की अलम्बरदार है। इसीलिये समय समय पर सत्ता के शीर्ष से 'कांग्रेस मुक्त भारत ' की आवाज़ भी सुनाई देती रहती है।

गाँधी

नेहरू परिवार से नफ़रत का यह सिलसिला राहुल गाँधी को घेरने उन्हें अपमानित करने व सताने के रूप में भी लगातार सामने आ रहा है। इसकी भी वजह यह है कि सत्ता की जिस दुखती नब्ज़ पर राहुल हाथ रखते हैं वह साहस विपक्ष का कोई भी नेता नहीं दिखा पाता। राहुल के परिवार की पृष्ठभूमि ही ऐसी है कि उन्हें डराना धमकाना आसान काम नहीं। पिता राजीव गाँधी और दादी इंदिरा गाँधी जैसे शहीदों की गोद में पले व खेले राहुल को कम से कम वह लोग डराने धमकाने में तो सफ़ल हरगिज़ नहीं हो सकते जिनकी अपनी पृष्ठभूमि,संस्कार व परवरिश केवल अंग्रेज़ों की खुशामद करने , नफ़रत के बीज बोने व साम्प्रदायिकता फैलाने की हो? इसी कोशिश के तहत बड़े ही सुनियोजित तरीक़े से राहुल गाँधी पर अनेक भाजपा शासित राज्यों में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न मामलों में कई मुक़द्दमे दर्ज करा दिये गये हैं। ऐसे ही।'मोदी सरनेम ' वाले एक आपराधिक मानहानि के मामले में गुजरात में सूरत की एक निचली अदालत ने राहुल गाँधी को दो वर्ष के कारावास की अधिकतम सज़ा सुना डाली। सूरत के इस अदालती आदेश के ख़िलाफ़ जब राहुल गांधी गुजरात हाईकोर्ट तो आश्चर्यजनक तरीक़े से उन्हें वहां से भी राहत नहीं मिली। लोकसभाध्यक्ष ने आनन फ़ानन में राहुल की लोकसभा सदस्यता निलंबित की। यहाँ तक कि कुछ ही दिनों के भीतर उनसे उनका सरकारी बंगला भी ख़ाली करवा लिया। अंततः उन्हें सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ा जहाँ से पिछले दिनों उनकी सज़ा पर रोक लगाई गयी। सुप्रीम कोर्ट को अपने फ़ैसले में यह भी कहना पड़ा कि - 'ट्रायल जज ने बिना पर्याप्त कारणों और आधार के दो साल की अधिकतम सज़ा सुनाई है'। यदि सज़ा दो साल से एक दिन भी कम होती तो राहुल गाँधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त नहीं होती। इससे देश की जनता में साफ़सन्देश गया कि सब कुछ पूर्णतः नियोजित तरीक़े से किया गया ताकि राहुल गाँधी को संसद से बाहर रखा जा सके और सत्ता को आईना दिखने वाले उनके 'चुभते सवालों ' से बचा जा सके।

परन्तु

सत्ता द्वारा राहुल गाँधी को बदनाम,परेशान व अपमानित करने के तमाम प्रयासों के बीच इन सब की परवाह किये बिना वे कभी लगभग चार हज़ार किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा में पैदल चलकर देश की जनता से रूबरू होते हैं व शांति, प्रेम,सद्भाव व भाईचारे का पैग़ाम देते हैं। देश को इसी यात्रा में वे एक सूत्र देते हैं - 'मैं नफ़रत के बाज़ार में मुहब्बत की दुकान खोल रहा हूँ। ' लोकसभा की सदस्यता जाने के बाद तो राहुल जनता के दिलों के और भी क़रीब पहुँचते नज़र आये। कभी ट्रक में सवारी करते दिखाई दिये तो कभी मोटर साईकिल मिस्त्री की दुकान पर मिस्त्रियों के बीच बैठते,कभी सब्ज़ी मंडी में सब्ज़ी व्यवसाइयों से मिलते तो कभी किसानों के साथ खेतों में धान की रोपाई करते नज़र आये और कभी कुलियों से मुलाक़ात करते दिखाई दिये। यानी सत्ता द्वारा दबाने व षड़यंत्र करने की तमाम कोशिशों के बावजूद 'गांधी' की राह पर आगे बढ़ते नज़र आ रहे हैं राहुल।

# जब अपनों ने ही लूट लिया

### त्वरित प्रतिक्रिया

**डॉ सूर्यकांत मिश्रा**



हिंदी भाषा को लेकर एक द्वंद छेड़ दिया गया है । हिंदी भाषा सभी के द्वारा स्वीकारी जानी चाहिए । गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने मोर्चा खेल खोलते हुए यहां तक कह डाला कि हमें - ÷ हिंदी की गुलामी ÷ मंजूर नहीं ! क्या इस बात को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री नहीं मानते की किसी भी देश की पहचान उसकी भाषा से ही होती है! दूसरा बड़ा मुद्दा यह है कि गृह मंत्री अमित शाह ने सभी क्षेत्रीय भाषाओं का सम्मान करते हुए अपना बयान महज इसलिए दिया कि भारतवर्ष को उसकी हिंदी भाषा की पहचान मिल सके । मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने गृहमंत्री के कथन को पूर्णरूपेण समझने से पहले ही पलटवार कर इस बात को सिद्ध कर दिया है कि उन्हें हिंदी की सही समझ ही नहीं है ! अपने ट्वीट में एम के स्टालिन में लिखा है - अमित शाह गैर हिंदी राज्यों पर जबरदस्ती हिंदी थोपना चाहते हैं । तमिलनाडु इसे स्वीकार नहीं करेगा । हम कहना चाहते हैं कि तमिलनाडु भारतवर्ष का अभिन्न अंग है उसे भी अपनी पहचान स्वरूप भारतवर्ष और हिंदी भाषा का परिचय देना ही होता होगा । कारण यह कि देश के अधिकांश हिस्सों में हिंदी बोलने,लिखने और कामकाज की भाषा बनी हुई है । एम के स्टालिन ने यह कहते हुए सारी हदें पार कर दी हम हिंदी भाषा के गुलाम नहीं बनेंगे ! उन्होंने कर्नाटक और पश्चिम बंगाल का जिक्र करते करके अमित शाह के हिंदी स्वीकृति वाले बयान के खिलाफ एक प्रकार से ऐसी जंग छेड़ने का प्रयास किया है ,जो आंतरिक कलह का कारण बन सकती है।

हमें यह कहते हुए गर्व महसूस होना चाहिए कि भारतवर्ष की कर्ण प्रिय भाषा हिंदी को सम्मान दिलाने किसी सरकार ने अपने लोगों से ही निवेदन के माध्यम से प्रयास तो किया । अमित शाह ने स्पष्ट रूप से यह भी कहा है कि हिंदी किसी क्षेत्रीय भाषा के साथ प्रतियोगी रूप में खड़ी नहीं की जाएगी । तात्पर्य यह कि उन्होंने क्षेत्रीय भाषाओं का निरादर न कर उन्हें भी सम्मान ही प्रदान किया । तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को अपने जल्दबाजी वाले ÷ हिंदी की गुलामी ÷ स्वीकार नहीं बयान पर पलटवार भी सहना पड़ा । तमिलनाडु के ही भाजपा प्रमुख अन्नामलाई ने यहां तक कह डाला कि एम के स्टालिन को ना तो हिंदी आती है और ना ही अंग्रेजी ! यही कारण है कि उन्होंने अमित शाह के बयान को पूर्णरूपेण समझा ही नहीं । मुझे तो स्टालिन के बयान ने सबसे बड़े शायर मिर्जा गालिब की लाइनें याद दिला दी है जो कुछ इस तरह है ः-

हमें तो अपनों ने लूटा , गैरों में कहां दम था<br>
मेरी कश्ती थी वहां डूबी , जहां पानी ही कम था<br>
लूट कर हमको पाया भी क्या था ,<br>
मेरे पास तो लूटने के लिए बस यादों<br>
का समुंदर था ,<br>
मेरी कश्ती भी पहुंची थी किनारे तक ,<br>
साहिलों के पास तो , रास्ते का न मंजर था<br>
बहुत भटके थे मंजिल , तक पहुंचने के लिए<br>
पर रास्तों पर लिखा था , इधर का रास्ता<br>
ही बंद था,<br>
है अजीब सी फितरत , भी हमारी दोस्तों<br>
हम गुजरे उन्हीं रास्तों पर , जहां कांटों<br>
का दामन था ।

अमित शाह के हिंदी स्वीकृति वाले बयान पर अन्नामलाई ने स्वीकृति का ठप्पा लगाते हुए यह कह दिया कि सभी राज्यों में मातृभाषा में ही पढ़ाई होनी चाहिए । हिंदी के समर्थन में बड़े गर्व की बात है कि यह व्यापक रूप से बोली जाने वाली भाषा है इसे लगभग 53 करोड़ भारतीय लोगों द्वारा बोला जाता है । अर्थात यदि हम कुल हिंदी भाषी लोग लोगों की बात करें तो 48 प्रतिशत लोग इस भाषा को अपनी राष्ट्रभाषा मान चुके हैं । देश के आधे से अधिक भौगोलिक क्षेत्र में हिंदी बोलने और जानने वाले लोगों का कब्जा है । अमित शाह ने स्पष्ट शब्दों में कहा था की - सभी भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने से ही देश सशक्त होगा ।इसमें एमके स्टालिन को तमिल भाषा पर खतरा कहां और कैसे नजर आया ? अमित शाह के बयान पर यह सम्मान छिपा हुआ है जो अब तक हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं दिला पाया है ।गृहमंत्री के हिंदी भाषा स्वीकृति को आग की लपटों में झोंकना कहीं ना कहीं एम के स्टालिन का स्वभाषा प्रेम से अलगाव का ही प्रतीक है ।एम के स्टालिन ने गृहमंत्री के बयान की निंदा करते हुए यहां तक कह डाला कि यह गैर हिंदी भाषियों को अपने अधीन करने का प्रयास है ! जहां तक मैं समझता हूं हिंदुस्तान अपने ही सरहदों में किसी राज्य को भाषा के नाम पर गुलाम बनाने के मार्ग में नहीं बढ़ रहा है वरन अपनी भाषा की अस्मिता के लिए लोगों से एकजुट होने की बात कर रहा है ।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन का यह कहना कि गृहमंत्री ने हिंदी भाषा स्वीकृति का बयान देकर 1965 के हिंदी विरोधी आंदोलन की चिंगारी को भड़काने का मूर्खतापूर्ण कदम उठाया है । यह कहना एक प्रकार से राष्ट्रीय भाषा के प्रति लोगों को भ्रमित करना ही है । दूसरे बड़े बयान में स्टालिन ने ÷ इंडिया और हिंदिया ÷ शब्द को सामने लाया है ।उन्होंने कहा है कि यह देश ÷ इंडिया ÷ है ÷ हिंदियां ÷ नहीं ! इतना ही नहीं जहां हिंदी की स्वीकार्यता की बात की जा रही है वहां स्टालिन ने यहां तक कह डाला कि देश में हिंदी दिवस का आयोजन नहीं होना चाहिए बल्कि भारतीय भाषा दिवस मनाया जाना चाहिए! अपने विरोधी स्वर को मजबूती देते हुए श्री स्टालिन ने यहां तक कह डाला कि श्री शाह का हिंदी की वकालत करना राष्ट्र की विविधता में एकता के खिलाफ है ! वास्तव में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए ही सभी राज्यों से विनय पूर्वक कहा कि बिना किसी विरोध के सभी को हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकार करने अपनी मंजूरी देनी चाहिए । एक मुख्यमंत्री का यह कहना कि इंडिया को हिंदिया बनाकर देश को विभाजित करने का प्रयास किया जा रहा है । कहीं ना कहीं समझ का फेर ही है । संस्कृति और इतिहास को समझने के लिए हिंदी सीखना जरूरी नहीं है ऐसा भी स्टालिन का मानना है । उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से अपील की है कि हिंदी को अनिवार्य बनाने का प्रयास छोड़ देना चाहिए । अंत में यही कहा जा सकता हैः -

जब अपनों ने ही लूट लिया<br>
क्या शिकवा करूं मैं औरों से।<br>
बाहर से प्यार जताते थे<br>
अंदर से नफरत जोरों पर ।।

# सावधान ! डिस्पोजेबल कप में पानी,चाय या कॉफी पीना है खतरनाक

आजकल जमाना बदल गया है. अब स्टील या कांच की गिलास या बर्तन की जगह डिस्पोजेबल कप ने ले ली है. अब पानी, चाय, कॉफी या कोई भी ड्रिंक्स पीने में डिस्पोजेबल कप का ही इस्तेमाल हो रहा है. ऑफिस से लेकर बड़े रेस्टोरेंट तक इन्हीं कप का उपयोग हो रहा है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि डिस्पोजेबल कप सेहत को प्रभावित कर सकती है. चलिए जानते हैं इससे होने वाले नुकसान और डॉक्टर की सलाह...

**क्या कैंसर का कारण बन सकता है डिस्पोजेबल कप** -डॉक्टरों का कहना है कि डिस्पोजेबल कप प्लास्टिक और केमिकल का इस्तेमाल कर बनाया जाता है. अगर लंबे समय तक इसका यूज कर रहे हैं तो ये कैंसर का कारण बन सकता है. डॉक्टरों ने बताया, डिस्पोजेबल कप में बिसफेनोल और बीपीए जैसे केमिकल पाए जाते हैं. जो काफी खतरनाक केमिकल हैं. जब इन कप में चाय



या गर्म पानी पीते हैं तो इसमें मौजूद केमिकल इनमें घुल जाते हैं और ये केमिकल पेट तक पहुंच जाते हैं, जिससे कैंसर का जन्म हो सकता है.

**थायराइड जैसी बीमारियां दे सकता है डिस्पोजेबल कप** -डॉक्टर के मुताबिक, डिस्पोजेबल कप बनाने में केमिकल ही नहीं माइक्रोप्लास्टिक का इस्तेमाल भी होता है. जिससे थायराइड जैसी खतरनाक बीमारी हो सकती हैं. काफी लंबे समय तक इनके इस्तेमाल से कैंसर भी हो सकता है. शराब या स्मोकिंग करने वालों में डिस्पोजेबल कप के इस्तेमाल से कैंसर का खतरा काफी जल्दी हो सकता है. इसलिए डिस्बोजेबल कप के इस्तेमाल से हमेशा बचने की कोशिश करनी चाहिए.

**डिस्पोजेबल कप का विकल्प** -डॉक्टर बताते हैं कि चाय, कॉफी या पानी पीने के लिए प्लास्टिक या पेपर के इस्तेमाल से बचना चाहिए. इसकी जगह स्टील का बर्तन या कुल्हड़ का इस्तेमाल करना चाहिए. कुल्हड में चाय पीने के कई फायदे भी होते हैं. इससे पेपर और प्लास्टिक का इस्तेमाल भी कम होता है. मिट्टी के कुल्हड़ में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो हड्डियों के लिए फायदेमंद होता है. इसलिए डिस्पोजेबल कप की बजाय कुल्हड़ या स्टील के बर्तन का इस्तेमाल कर सकते हैं.

# पोलिटिक्स की तरह गौटिक्स

### व्यंग्य

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

यह कभी नहीं भूलना चाहिएक कि गाय हमारी माता है और हम उसके पुत्र। माता की सेवा न सही ढोंग करना तो सीखो। वह ऐसी माता है जो असली सेवा करने वाले को कुछ दे न दे, अपितु ढोंग करने वालों को मेवा देती है। उसके गोबर और मूत्र को मात्र गोबर या मूत्र कहकर उसका अपमान करने वाला कहीं का नहीं रहता। यह एक श्रेष्ठ उत्पाद है । अगर कुछ विज्ञापन छपवा दें तो चीन इम्पोर्ट करने को उतावला हो जायेगा । वो तो हमारी नीति है कि चीन से कुछ खरीदेंगे नहीं, इसलिए मज़बूरी है कि बेचेंगे भी नहीं । हाँ यह अलग बात है कि चाइना आइटम्स बैन लिखे टी-शर्ट छाप-छापकर चीन भारत में करोड़ों कमा लेता है। बात को पहले ठीक से समझ लें सब लोग, उसके बाद कोई राय बनाएं । जल्दी न मचाएँ, पहले चुनाव हो जाने दें । लोकतंत्र संविधान की ही नहीं गाय की भी देन है । पांच साल में एक बार गाय जनता से बड़ी हो जाती है । उसकी फल, फूल और नगद से पूजा करनी होती है, आरती उतारनी होती है । चुनाव सर पर हैं, गाय का पूजन जोरों पर है। अभी पूजा करेंगे तभी न कल केंद्र में कुंडली मारकर बैठ पायेंगे। गाय को लेकर सब अपने-अपने ढंग से लगे हैं। कहीं-कहीं तो सरकारें बकायदा उसे खरीदकर जनता में अपनी हिंदू छवि सुधारने का प्रयास कर रही है। गोबर न हुआ असली हिंदू बनने का प्रमाण पत्र हो गया। आम आदमी से क्या लेना देना,



आम आदमी तो आम की कीमत वाला भी नहीं होता है ! गाय बड़ी होती है । लेकिन गाय चुनाव से आगे बढ़ नहीं पाती । इसी को पोलिटिक्स की तरह गौटिक्स कहते हैं । असल में गाय किसकी है यह मतदाता अपने मतों से निर्धारित करता है। लेकिन चुनाव के समय गाय को लेकर कोई संदेह नहीं हैं । गाय चाहेगी तो लाख बलात्कारों, महंगाई, बेरोजगारी के बाद भी सरकार बना देगी। देश तेजी से आधुनिक हो रहा है । आधुनिकता गाय के रास्ते घर-घर पहुँचने को तैयार है। जरूरत है तो उसे धर दबोचने की। जो इसे अच्छे से दबोच लेता है तो उसे महंगाई, बेरोजगारी और लाचारी से छुटकारा मिलता है।

# प्रत्येक महिला के पास सभी को बताने के लिए एक कहानी है

अभिनेत्री अदिति गोवित्रिकर पारंपरिक सौंदर्य को चुनौती देने और सौंदर्य प्रतियोगिताओं की दुनिया में समावेशन को बढ़ावा देने के मिशन पर हैं। उनकी सौंदर्य प्रतियोगिता मार्वलस मिसेज इंडिया पेजेंट ने उद्योग में बहुत सी बाधाओं को तोड़ दिया है और सभी पृष्ठभूमि की महिलाओं को उनकी विशेषताओं को अपनाने के लिए सशक्त बनाया है। उनका तमाशा इस बारे में है कि हर महिला को उसके व्यक्तित्व और उनकी आंतरिक सुंदरता के लिए मनाया जाये। विविधता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, उन्होंने सभी उम्र और क्षेत्रों से श्रीमती के लिए दरवाजे खोलकर बाधाओं को खत्म कर दिया है। मार्वलस मिसेज इंडिया पेजेंट सुंदरता की सामाजिक अपेक्षाओं के अनुरूप होने के बारे में नहीं है। यह रूढ़िवादिता को तोड़ने और नारीत्व के सार का जश्न मनाने पर केंद्रित है। अदिति का मानना है कि सच्ची सुंदरता किसी की कमियों और अद्वितीय विशेषताओं को अपनाने में नहीं है, न कि खुद में फिट होने की कोशिश करने में। मेरा पेजेंट प्रामाणिकता और व्यक्तित्व का उत्सव है। यह सभी महिलाओं के लिए, उनकी उम्र, ऊंचाई, रंग या स्थिति की परवाह किए बिना, अपनी आंतरिक सुंदरता और ताकत दिखाने का एक मंच है। इसमें कोई प्रतिबंध नहीं है या यहाँ



सीमाएँ; हर महिला सुंदर है, और हर महिला देखने और सुनने की हकदार है। मैं सभी प्रकार की महिलाओं को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना चाहती हूं, अपने आकार, निशान और घावों को गर्व के साथ अपनाना चाहती हूं। ऐसा करके, मैं चाहती हूं सकारात्मक शारीरिक छवि को बढ़ावा देना और सभी प्रतियोगियों के बीच आत्म-प्रेम को बढ़ावा देना। अदिति गोवित्रिकर का दृष्टिकोण सौंदर्य प्रतियोगिताओं की पारंपरिक सीमाओं से परे है।

# कवासी लखमा ने ग्राम पंचायत मानका पाल को 8 करोड़ 85 लाख की सौगात दी

## 199.64 लाख की लागत से 100 सीटर आश्रम भवन मानकापाल का शिलान्यास किया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 7 अगस्त।** ग्रामीणों के द्वारा माननीय मंत्री श्री कवासी लखमा जी का आदिवासी रीति रिवाज से स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने सरकार के द्वारा दी जा रही योजनाओं से हो रही लाभ के बारे में जनता से जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से सड़क, पुल, बिजली, राशन दुकान के संचालन एवं खाद्य सामाग्री के विषय मे जानकारी ली। लोगो के द्वारा कृषि के प्रति झुकाव को लेकर उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा की आज छत्तीसगढ़ के किसान पुत्र मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी के द्वारा किसानों के लिए चलायी जा रही योजनायें राजीव गांधी किसान नया योजना, नलकूप खनन के लिए किसान समृद्धि योजना, कृषि यंत्र सेवा केंद्र स्थापित करने के लिए योजना, सौर सुजला योजना के तहत अनुदान पर सोलर पंपों की स्थापना, आत्मा योजना के तहत किसानों को दिया जाने वाला पुरस्कार आदि के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने आगे कहा की आज किसानों के जेब मे पैसा आ रहा है लोग ट्रैक्टर, गाड़ी- मोटर खरीद रहे है। आज लोग बैंक निर्माण की मांग के रहे है, यह एक



अच्छा संकेत है। उन्होंने कहा की आज बस्तर बदल रहा है आज बस्तर में शांति हो रही है, पुल-पुलिया, सड़क, उद्योग, रोजगार मिल रहा है। आज हमारे बस्तर के बच्चे पुलिस, आर्मी, बस्तर फाईटर जैसे विभाग में भर्ती हो रहे है।आज अंदरूनी इलाको में सड़क का निर्माण के साथ ही बच्चों की स्कूली शिक्षा पर ध्यान दिया जा रहा है, इसके तहत आश्रम भवन का भी निर्माण अंदरूनी इलाको में की जा रही है।

इसके साथ ही माननीय मंत्री जी के द्वारा क्षेत्र का सघन दौरा करते हुए ग्राम पखनागुडा, आमापारा, मुतोड़ि, डब्बारास, पटेलपारा, जिरमपाल( कलारपारा ), माड़भाटा आदि जगहों पर जनसंपर्क करते हुए क्षेत्रवासियों का हाल चाल जाना साथ ही ग्रामीणों के समस्याओ से अवगत हुए।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हरीश कवासी जी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री बोड्डू राजा जी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमति आयती कलमू जी, नगर पालिका उपाध्यक्ष आयशा हुसैन, जनपद सदस्य मानकापाल श्री जोगा पोडियामी, जनपद सदस्य गीता कवासी, जिला पंचायत सदस्य आदम्म मरकाम, केरलापाल सरपंच कीर्ति मरकाम, मानकापाल सरपंच पुष्पा सोढ़ी, जनप्रतिनिधि, कांग्रेसी कार्यकर्ता ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### तहसील कार्यालय का किया उद्घाटन

**गादीरास, सुकमा 7 अगस्त।** उद्योग व अबकारी मंत्री कवासी लखमा ने तहसील कार्यालय का किया उद्घाटन आज गादीरास में नव निर्मित तहसील कार्यालय का माननीय कैबिनेट मंत्री श्री कवासी लखमा जी के कर कमलों के द्वारा फीता काटकर उदघाट्न किया गया। उन्होंने कहा कि तहसील कार्यालय पहले सुकमा होने से लोगो को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता था।



## एक नजर

### सुकमा से जगदलपुर सड़क में बड़े-बड़े गड्ढ़ों से हादसे कीआशंका



**सुकमा 7 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जगह-जगह गढ्ढों का ढेर के वजह एंबुलेंस को होती है काफी परेशानी। ठेकेदार ने अधूरा छोड़ ने कारण सड़क का हाल बेहाल। प्रशासन ले गंभीरता और सड़कों के गढ्ढों को तत्काल भराए। आम जनता के साथ, अस्पताल सेवाओं को राहत मिले। नहीं तो एआईएएफ के नेतृत्व में बदहाल सड़क को लेकर फेडरेशन गढ्ढों पर बैठ कर नेशनल हाईवे पर चक्का जाम प्रदर्शन करेगा। जिसकी जवाबदेही शासन प्रशासन की होगी।

### छठवीं कक्षा में प्रवेश के लिए नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 अगस्त

**उत्तर बस्तर कांकेर 7 अगस्त।** जिले के करप में संचालित आवासीय जवाहर नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 अगस्त निर्धारित की गई है। परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन 17 जून से ऑनलाइन हो रहा है, जिसे पालक गण स्वयं अथवा सीएससी की सहायता से भरवा सकते हैं। विदित हो कि कांकेर जिले का एकमात्र नवोदय विद्यालय जो शिक्षा मंत्रालय के अधीन संचालित पूर्णतः निःशुल्क आवासीय विद्यालय करप में स्थित है। यहां प्रतिवर्ष चयन परीक्षा के माध्यम से कक्षा छठवीं हेतु 80 विद्यार्थियों का चयन किया जाता है। जवाहर नवोदय विद्यालय कांकेर सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त है। नवोदय विद्यालय की विशेषता ग्रामीण प्रतिभावान छात्रों को अवसर देना, त्रिभाषा सूत्र का पालन करना और माइग्रेशन नीति के तहत हिन्दी भाषी राज्य से छात्रों का आदान प्रदान करना है।

### छत्तीसगढ़ स्टेट सुब्रतो कप फुटबॉल कप नवोदय कांकेर ने जीती

**उत्तर बस्तर कांकेर 7 अगस्त।** जवाहर नवोदय विद्यालय कांकेर की टीम ने पहली बार नवोदय विद्यालय समिति के तत्वावधान में आयोजित सुब्रतो कप में अंडर-17 ग्रुप में विपक्षी टीम को 4-0 से हराकर सुब्रतो कप अपने नाम किया। इस बार सुब्रतो कप जवाहर नवोदय विद्यालय सरायपाली महासमुंद में आयोजित हुआ था, जहां छत्तीसगढ़ राज्य की 7 टीमों ने हिस्सा लिया था। नॉकआउट मैचों में जीत हासिल करते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय करप कांकेर की टीम फाइनल में जा पहुंची, जहां शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम ने टूर्नामेंट को अपने नाम किया। मेघनाथ को फुटबॉलर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार दिया गया। रीजनल लेवल फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए अब विजेता टीम कटक जाएगी, जहां उसका सामना मध्य प्रदेश-1, मध्य प्रदेश - 2 और ओडिशा की टीमों से होगा। जवाहर नवोदय विद्यालय करप कांकेर की प्राचार्य श्रीमती जयंती पी.गोपाल ने इसे गौरव का क्षण बताया और विद्यालय के सभी शिक्षकों को बधाई दी।

### मिनेश्वरी साहू को हिंदी में डॉक्टरेट की डिग्री

**रायपुर 7 अगस्त।** पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने मिनेश्वरी साहू को साकेत और साकेत संत का तुलनात्मक अध्ययन विषय पर शोध कार्य के लिए डॉक्टरेट की डिग्री (पीएच डी) अवार्ड की है । यह शोध कार्य शोध निर्देशक शा दू ब महिला महाविद्यालय में हिंदी के विभागाध्यक्ष डॉ सविता मिश्रा के मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ।



# आदिवासी बच्चों को आगे बढ़ा रही है भूपेश सरकार: लखमा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 7 अगस्त।** उद्योग एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने शनिवार को सुकमा जिले के मानकापाल में निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करते हुए कहा कि भूपेश बघेल सरकार गांव, गरीब और किसानों के साथ खड़ी है। उन्होंने 5.60 लाख के दो सीसी सड़क, 199 लाख का बालक आश्रम, 18 लाख का आश्रम भवन और बाउंड्रीवाल, 686 लाख की लागत वाली मानकापाल सड़क, गोंडापल्ली से प्रयास तक 1080 लाख रु. की लागत वाली 17.35 किमी सड़क, मानकापाल से नागलगुंडा के बीच 90 लाख के पुलिया निर्माण आदि कार्यो का



भूमिपूजन किया। 100 सीटर आश्रम भवन मानकापाल का भूमिपूजन करते हुए मंत्री श्री लखमा ने कहा कि गांव के गरीब बच्चे शिक्षा से वंचित न रह जाएं, इस सोच के साथ गांव-गांव में स्कूल तो खोले ही जा रहे हैं, साथ ही आश्रम इसलिए बनाए जा रहे हैं ताकि गरीब बच्चे आश्रम में रहकर सारी सुविधाओं के साथ अच्छे से पढ़ाई कर सकें। उन्होंने कहा कि घर में रहने से बच्चे ठीक से पढ़ाई नहीं कर पाते क्योंकि उन्हें घर का काम भी करना पड़ता है। गाय, बैल चराना और खेत में काम करना जरूरी रहता है, लेकिन आश्रम में रहने से पूरा ध्यान पढ़ाई पर ही होता है। इससे सरकारी नौकरी और अन्य सेवाओं में बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने पालकों से बच्चों को स्कूल भेजने और जिस क्लास तक बच्चे पढ़ना चाहते हैं, उन्हें पढ़ाने के लिए प्रेरित किया। श्री लखमा ने कहा कि होशियार बच्चों को डाक्टर, इंजीनियर, कलेक्टर, एसपी बनाने के लिए हमारी सरकार ने पूरी व्यवस्था की है। आगे का पूरा खर्च सरकार उठा रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सोच है कि आदिवासी क्षेत्र के बच्चे आगे बढ़कर देश-प्रदेश की सेवा में योगदान दें। मानकापाल में जब मंत्री कवासी लखमा ने 20 करोड़ 11 लाख से अधिक के कार्यों का भूमिपूजन कर सौगात दी, तो इसका ऐसा व्यापक असर हुआ कि कम्युनिस्ट पार्टी के पांच दर्जन लोगों ने कांग्रेस में शामिल होने का पक्का मन बना लिया। इस दौरान गुफड़ी, मानकापाल और कुच्चरास के सीपीआई के 60 कार्यकर्त्ताओं ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। सीपीआई पर बरसते हुए श्री लखमा ने कहा कि वे लोग जल, जंगल, जमीन की बात कहकर केवल आदिवासियों को गरीबी में ही तड़पते देखना चाहते हैं। आज कांग्रेस शासन में गांव-गांव में सड़क, पुल-पुलिया, अस्पताल, स्कूल, आश्रम, बिजली, पानी सभी तरह की सुविधाओं के काम हो रहे हैं।

## समाचार संक्षेप

### लखता ने किया भंडाररास में जनसंपर्क और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी



**सुकमा 7 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मंत्री जी सघन दौरा कार्यक्रम करते हुए भंडाररास में जनसंपर्क करते हुए छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही 15 साल में भाजपा सरकार के दौरा बस्तर के प्रति की गई सौतेला व्यवहार के बारे में जानकारी देते हुए कहा की पहले लोग पुलिस और नक्सलियों से परेशान होते थे, लोग दोनो को देख कर छुप जाते थे। किंतु छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने जे बाद बस्तर में शांति हो रही है, आज बस्तर के लोग निर्भक हो रहे है नक्सल का आतंक कम हुआ है। आज रोड, पुल-पुलिया, बिजली, पीने पानी, राशन सामाग्री मिल रहा है। साथ ही भूमिहीन मजदूर को मानदेय राशि, घर घर नल, तेंदूपत्ता का नगद भुगतान, धान खरीदी 2640 क्विंटल, आपदा प्रबंधन के तहत राशि का वितरण, भूमिहीन पट्टा का वितरण जैसे कल्याणकारी कार्य कर रही है।

### मनीष कुंजाम ने पीडीएस विक्रेताओं के धरना प्रदर्शन में आकर अपना समर्थन दिया



**सुकमा 7 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज पीडीएस धरना प्रदर्शन में पूर्व विधायक माननीय मनीष कुंजाम सर हमारे पीडीएस विक्रेताओं के धरना प्रदर्शन में आकर अपना समर्थन दिया साथ साथ उन्होंने कहा कि आप लोगों का 6 सुत्री मांग जायज है हमारे क्षेत्र में नेटवर्क की दिक्कत है न ही सुविधा है फिर भी आप लोगों को आनलाइन के माध्यम से दुकान चलाने के लिए सरकार बिना ट्रेनिंग के इपोस मशीन थमा दिया गया है! जब राशन लेने हितग्राही जाते हैं तब नेटवर्क दिक्कत के चलते आप लोग चावल नहीं दे पाते हो तो सीधा सीधा आप लोग के ऊपर हितग्राही गुच्छा होकर शिकायत करते हैं! कुंजाम सर जी ने कहा आप लोग जब भी रैली करना चाहते हैं तो हम लोगों से सम्पर्क करें हम आपके साथ है साथियों हम लोगों को अभी हर तरफ से समर्थन मिलेगा सत्तापक्ष को छोड़कर इस लिए आप हम को किसी से डरने की जरूरत नहीं है हम सब एक साथ संघटित होकर हमारी मांगों को लड़े संगठन में बड़ी शक्ति होती है ! संघटित परिवार समाज और संस्था कभी असफल नहीं होते अपसी आत्मीयता और प्रेम स्नेह और एक दुसरे को सहयोग का भाव रखें तो संघ के कार्य उत्साह और उमंगता से संपन्न हो पाएंगे!

### सतनामी समाज का प्रतिनिधिमंडल मिला अजय चंद्राकर से

**कुरूद 7 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सतनामी समाज ब्लॉक भखारा के एक प्रतिनिधिमंडल ने कल कुरूद विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर से उनके निवास स्थान कुरूद में जाकर मुलाकात की. प्रतिनिधिमंडल ने श्री अजय चंद्राकर का पुष्पमाला पहनाकर और गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया. उन्होंने भखारा में सामाजिक भवन हेतु जमीन की मांग की तथा गुरु घासीदास आश्रम थूहा बंगोली के अधूरे निर्माण कार्य पर चर्चा की. प्रतिनिधिमंडल ने ममतामयी मिनीमाता जी की पुण्यतिथि पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में श्री चंद्राकर को मुख्य अतिथि के बतौर आमंत्रित किया.प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से सतनामी समाज जिला धमतरी के अध्यक्ष भाव सिंह डहरे, सचिव खिलावन बारले, भखारा ब्लॉक अध्यक्ष तेजेश्वर कुर्रे, सचिव रूपेंद्र बघेल. आदिवासी गोंड समाज जिला धमतरी के संचार सचिव बसंत ध्रुव, सलाहकार डॉ रोहित कुर्रे और छन्नू महिलाग,सदस्य गण बेनी राम कुर्रे, संतोष मांडले,राधे श्याम जोशी, हीरालाल बंजारे शामिल थे।



# राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जयंती समारोह में राजेन्द्र ओझा सम्मानित

**रायपुर 7 अगस्त।** श्री गहोई वैश्य समाज, रायपुर द्वारा राष्ट्रीय गौरव राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जयंती सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जयंती सप्ताह के अंतर्गत 06 अगस्त को एम्स, रायपुर के पास स्थित गहोई भवन में विशाल काव्य संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजेन्द्र ओझा को राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त सम्मान से सम्मानित किया गया। अन्य कवियों में आनंद पाठक, जे. के. डागर, राजेश जैन राही एवं संजीव ठाकुर को भी सम्मानित किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में गहोई वैश्य समाज के अशोक बानी, संजय गुप्ता, अभिषेक सुहाने, सचिन बहरे, लवली गेड़ा, देवी, ज्योति चउदा, सुमित कंदेले, विनोद सुहाने, केशव कनकने, सहित शहर के अनेक जाने - माने साहित्यकार डॉ. मृणालिका ओझा, उर्मिला देवी उर्मी, राकेश अग्रवाल, आर. डी. अहिरवार, अनिल श्रीवास्तव जाहिद, आलोक, विनोद, प्रमोद आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री मुकेश गुप्ता एवं आभार श्री संजय गुप्ता द्वारा व्यक्त किया गया।



### भाजपा का लाभार्थी सम्मेलन आयोजित




**रायपुर 7 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी धरसीवां विधानसभा के विधानसभा मंडल के अंतर्गत जोरा शक्ति केंद्र के ग्राम जोरा एवं पिरदा के लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया जोकि मोदी सरकार के नव वर्ष के कार्यकाल में जनता के विभिन्न योजनाओं का लाभ हुआ है ऐसे लाभार्थियों के सम्मेलन में प्रमुख रूप से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रदेश संयोजक एवं लाभार्थी सम्मेलन वक्ता आदरणीय अंजय शुक्ला जी एवं वक्ता आदरणीय ठाकुर राम वर्मा जी प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंत्री आदरणीय अशोक सिन्हा जी प्रदेश किसान मोर्चा सदस्य आदरणीय रिखीराम साहू जी शक्ति केंद्र प्रभारी रवि कुर्रे जी भाजयुमो रायपुर ग्रामीण सोशल मीडिया सहप्रभारी मयंक यादव मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र गोस्वामी आदि उपस्थित रहें।

# जिले के छोटे बच्चों ने फ्रेंडशिप दिवस पर किया बड़ा काम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर 7 अगस्त।** फ्रेंडशिप दिवस के अवसर पर आज जिले में संचालित समस्त छात्रावासों में छोटे बच्चों ने 18 वर्ष से अधिक आयु के छात्रों को 'मतदाता सूची में अपना नाम जरूर जुड़वाएं' लिखा हुआ फ्रेंडशिप बैंड बांधकर उन सभी से वायदा लिया। जिले के पीएमटी छात्रावास, पोस्ट मेट्रिक छात्रावासों में लाइवलीहुड कॉलेज के छात्रों के द्वारा स्विफ्ट मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मितान दिवस अर्थात मित्रता दिवस के अवसर पर अपने सभी सीनियर छात्रों को फ्रेंडशिप बैंड बांधा गया, जिसमें यह लिखा था ''मतदाता सूची में नाम जरूर जुड़वाएं'' बैंड बांधा गया और उनसे संकल्प करवाया गया कि वे सभी मतदान अवश्य करेंगे और लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित करेंगे। जिले के छात्रों में मित्रता दिवस की उत्सुकता देखी गई जिला प्रशासन के आव्हान पर सभी जूनियर छात्रों ने अपने सीनियर छात्रों को संकल्प पत्र भरने एवं उन्हें नाम जुड़वाया क्या स्लोगन के तहत मतदान देने हेतु प्रेरित किया गया। 08 अगस्त 2023 को जिले के सभी शासकीय एवं निजी विद्यालय में कक्षा नवमी एवं दसवीं के छात्रों द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत सीनियर छात्रों को अनुरोध पत्र लिखा जायेगा, जिसमें मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। 10 अगस्त 2023 को सभी छात्रों के द्वारा अपने पेरेंट्स को अनुरोध पत्र लिखकर अनुरोध करेंगे कि 18 वर्ष आयु वर्ग के सभी युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़ने हेतु प्रेरित करेंगे और स्वयं भी मतदान करेंगे ।



## साथ ही भूपेश है तो भरोसा है कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

# कवासी लखमा ने धान उपार्जन केंद्र एवं सामाजिक भवन का उद्घाटन किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 7 अगस्त।** ग्रामीणों के द्वारा माननीय मंत्री जी का स्वागत किया गया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए धान उपार्जन केंद्र व सामाजिक भवन के लिए बधाई एवं शुभकामनये दी। आज अंदरूनी इलाको में धान खरीदी केंद्र का निर्माण किया जा रहा है जिससे किसानों को धान बेचने में आसानी हो रही है पहले लोगो को दूर तक धान बेचने के जाना पड़ता था कई कई दिन लाइन लग कर रहना पड़ता था। पास में धन खरीदी केंद्र होने से किसानों का समय और पैसा बचेगा। पास में उचित मूल्य पर धान की ब्रिक्री कर पाएंगे। इसके साथ ही मंत्री जी के कर कमलों के द्वारा कुम्हार समाज का सामाजिक भवन का उद्घाटन कर निरीक्षण किया तथा समाज वालो को बधाई दी।

भाजपा सरकार में नक्सल को बढ़ावा मिला। बस्तर में स्कूल कॉलेज को बंद करने का काम किया तथा सलवा जुडूम चलाकर लोगो को आपस मे लड़ाने का, भाई को भाई से लड़ाने का काम की है, जिससे बस्तर पूरी तरह से अशांत रहा। आये दिन कोई न कोई घटना घटित होती थी। किन्तु छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद बस्तर में शांति हुई। आज धीरे धीरे नक्सलियों का आतंक कम होते जा रही है। आने वाले समय मे बस्तर पूरी तरह से नक्सल मुक्त होगा, यहाँ के लोग हल चलाएंगे। राहुल गांधी ने एक ही बात बोला था 15 साल की भाजपा की सरकार को बदलो, अगर कांग्रेस की सरकार बनेगी तो किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। इसके साथ ही 2500 रुपये में धान खरीदी करने की बात कही तो भाजपा के मनीष कुंजाम की पार्टी लोगो को बोलती थी की कांग्रेस की पार्टी झूठ बोल रही है। लेकिन जैसे ही हमारी सरकार बनी सबसे पहले किसानों की कर्ज माफी की घोषणा की गयी तथा साथ मे 2500 रुपये क्विंटल धान खरीदी की बात को अमल में लिया गया। आने वाले समय मे 2800 रुपये की कीमत पर धान की खरीदी की जायेगी। लोहड़ीगुडा में आदिवासी की 05 एकड़ जमीन को वापस करवाने का काम। वन भूमि पट्टा देने का काम कर रही है। भूपेश बघेल की पहली सरकार है जिसने आदिवासियों की रीति नीति और संस्कृति को बचाने का काम कर रही है। आज देवगुड़ी निर्माण के लिए आर्थिक सहायता के तौर पर पाँच लाख की राशि दी जा रही है आज बस्तर के सभी जगहों में देवगुड़ी का निर्माण किया ज रहा है। इसके साथ ही पूजा करने वाले पूजारी , सिरा, गायता, गुनिया, चालकी, भूमिहीन किसान को पैसा देने का काम। माननीय भूपेश बघेल जी के द्वारा स्वतंत्रता के बाद पहली बार वार्ड पंच को 500 रुपये तथा जनपद पंचायत सदस्य का मानदेय बढ़ाने का काम किया। राहुल गांधी भारत को जोड़ने के लिए कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक पैदल यात्रा की जिसमे सभी वर्ग के लोगो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।




# श्री शिव पुराण कथा सुनने सुबह पांच बजे से पंडाल में उमड़े लाखों भक्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 7 अगस्त।** नगर में 1 अगस्त से 7 अगस्त तक कावड़ शिव महापुराण कथा मैं सुनने लाखों लोग पहुंचे और कथा का आज प्रातः 8:00 से 12:00 बजे तक आखरी समापन एवं प्रोन्नति का आयोजन किया गया इस कथा में लगभग 10 से 15 लाख भक्तों ने प्रदीप मिश्रा जी के मुख से कथा का स्वर्ण किया इस कथा में गांव से लेकर दूर अंचल के लोग भारी संख्या में पहुंचे कथा आयोजक घनश्याम अग्रवाल एवं आयोजक समिति के सभी सदस्य नागरिक तिल्दा नेवरा जनता ने शिव भक्तों का हृदय से स्वागत किया एवं जगह-जगह जलपान की व्यवस्था की गई आज प्रातः 5:00 बजे से सातवें दिन कथा सुनने लोग उमड़ पड़े आज दिन लाखों की संख्या में पंडाल में लोग सुबह 5:00 बजे से पहुंच गए थे और 7 दिन तिल्दा नेवरा में शिव भक्ति में वातावरण चलता रहा आज सावन का अधिक मास का सोमवार और शिव महापुराण का अंतिम दिन इसमें सभी लोग अपने अपने परिवार के साथ कथा स्थल पर पहुंचकर इस समापन में सम्मिलित हो रहे हैं और इस कथा में कांग्रेसमें भारतीय जनता पार्टी के कई दिग्गज नेता लोग पहुंचे कांग्रेस के नेता पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेंद्र नितिन त्रिवेदी ने खाता में आए भक्तों को बेलपत्र का वृक्ष दान कर पुण्य कमाया एवं भक्तों की अपार सेवा की त्रिवेदी ने बताया कि सावन में भगवान शिव के प्रिय बेलपान का वृक्ष कथा वाचक प्रदीप मिश्रा को भी उन्होंने भेंट किया और आशीर्वाद लिया इसके अलावा पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा पूर्व संगठन मंत्री राम प्रताप सिंह उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी लक्ष्मी वर्मा नगर पालिका अध्यक्ष लांगुरिया सतनाम सेना के एवं समाज के धर्मगुरु गुरु सहित अनेक ऐसी गलतियां हैं अस्थियां जो इस कथा स्थल पर पहुंचकर के महाराज का आशीर्वाद लिया तिल्दा नेवरा सिंधी समाज ब्राह्मण समाज अग्रवाल समाज समाज समाज यादव समाज जैन समाज मुस्लिम समाज सभी समाज के लोगों ने इस कथा में बाहर से आए श्रद्धालुओं का तहे दिल से स्वागत किया हृदय से स्वागत किया इस तरह कथा में प्रदीप मिश्रा जी ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा की।







अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने सवाल के जवाब में कहा की महादेव की कृपा है सावन और अधिक मास चल रहा है और युवा पीढ़ी भी भगवान शिव शंकर से जुड़ रहे हैं, साथ ही भीड़ के बारे में उन्होंने कहा शंकर भगवान के भक्तों का प्रभाव था और हमें भी पता चला कि रेलवे स्टेशन में भी हजारों लोग हैं, तिल्दा का नगर शहर बस्ती में बसा है और तीर्थ का यह एक स्वरूप है जहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए।

उन्होंने कहा बहुत अच्छी व्यवस्था यहां के प्रशासनिक अमले के द्वारा की गई है, साथ ही तिल्दा जैसे शहर में आयोजन कर्ता समाजसेवी युवा उद्योगपति घनश्याम अग्रवाल के बारे में उन्होंने कहा घनश्याम अग्रवाल को भगवान शिव शंकर के प्रति उनका भाव है उनके परिवार में भाव है और आराधना का आनंद है, और यजमान परिवार के भाव के कारण ही आज तिल्दा नेवरा नगरी में शिव महापुराण कथा आयोजित हुई है। लाखों लोग कथा स्थल पर पहुंचकर कथा का रसपान किया। हजारों लोग कथा स्थल नही पहुंच पाए, नही सुन पाए, 5 से 7 किलोमीटर के दायरे में गाड़ियों का काफिला था।

**साथ दिन तिल्दा नेवरा बना धर्म नगरी:** लगातार सात दिन नगर का स्वरूप धर्म नगरी तीर्थ स्थल के रूप में दिखा जहा देखो भक्तो की उमड़ रही भीड़ को प्रशासन ने शांति पूर्ण तरीके से कार्यक्रम सफल करवाया

**पुलिस विभाग की सक्रियता से आयोजन सफल:** पुलिस विभाग के उच्च अधिकारी यो के निर्देश में थाना प्रभारी मुकेश शर्मा पूरे पुलिस बल के साथ रात दिन जिस तरीके से सुरक्षा व्यस्था में जुटे रहे जनता ने पुलिस प्रशासन के कार्यो की तारीफकरते हुए आभार व्यक्त किया।

## लोगों को घर में लगाने के लिए बेल का पौधा बांटा



**तिल्दा-नेवरा, 7 अगस्त।** धर्म परायण बलौदाबाजार जिले के शिव भक्तों को अनंत काल शिव मय रखने के लिए शैलेश नितिन त्रिवेदी जो छतीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष के द्वारा सेवासुगंधम से संस्थान के माध्यम से श्रावण मास में तिल्दा की पुण्य धरती से बिल्व तरू प्रसादम के रूप में बिल्व के पौधों का भारी संख्या में लगभग तीन ट्रक वितरण एक बड़ा पुनीत प्रयोजन है, बाबा भोलेनाथ शैलेश नितिन त्रिवेदी और बलोदा बाज़ार क्षेत्र की धर्म परायण भक्तजनों पर अपनी कृपा बरसाए।

श्री शिवाय नमस्तुभ्यमः सेवा सुगंधम द्वारा तिल्दा में चल रहे कावड़ शिव महापुराण कथा में आए श्रद्धालुओं के घर में लगाने के लिए बिल्व-तरु प्रसादम, (निःशुल्क बेल पौधा वितरण) शैलेश नितिन त्रिवेदी अध्यक्ष पाठ्य पुस्तक निगम के सौजन्य से 3 मालवाहक वाहनों से वितरण कथा स्थल के बाहर निकलने के मार्गो में आज 6 अगस्त को को कथा समाप्ति के बाद किया गया। सेवा सुगंधम सामाजिक जनकल्याण समिति सहित सभी साथियों की इस पुनीत कार्य में आप सब की उपस्थिति रही।

## एक नजर

### मुनि चिन्मय सागर की जयंती पर मरीजों को फल व भोजन वितरण



**भाटापारा, 7 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** श्री 1008 आदिनाथ नवग्रह पंच बाल्याती दिगंबर जैन मंदिर भाटापारा में प्रातः काल 7.30 को भगवान पारसनाथ का मंगल अभिषेक हुआ, उसके पश्चात अतिशयकारी जंगल वाले बाबा के मूल सिंहासन पर उनके चरण विद्यमान है, उन चरणों का चरण अभिषेक जल, दूध, केसर, हल्दी, चंदन, रतन वृष्टि, पुष्प वृष्टि, से किया गया, एवम जंगल वाले बाबा की पूजन एवं 63 दीपों से महाआरती संपन्न हुई। दोपहर 1:00 बजे शासकीय अस्पताल भाटापारा, आडील हॉस्पिटल भाटापारा, में मरीजों को बिस्किट एवं फल का वितरण किया गया। शाम 4:00 बजे रेलवे स्टेशन पर हजारों लोगों को भोजन एवं हलवा वितरण किया गया। रात्रि 8:00 बजे 63 दीपों से जंगल वाले बाबा की महा आरती संपन्न हुई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अभिषेक मोदी, सुमन लता, रजनी, नेहा रानी, सुरभि, सुमन, अंशु, अनायसा मोदी, अनिल, आलोक, सुरेश, विनोद, अभिनव, अभिनंदन, अक्षत, अरिंजय, आदि, आर्णव मोदी, पंकज, नवीन, नितिन, सचिन, जतनी, अंजू, भावना, गदिया मनीठाकुर, राकेश ध्रुव, विनोद अनंत, संदीप सनत कुमार जैन, बंटी छाबड़ा, अशोक देवांगन, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### शराब का अवैध परिवहन करने वाला गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 7 अगस्त (तरुण छतीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार पुलिस ने शराब का अवैध परिवहन करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार 6 अगस्त को ग्राम ओडान चौराह में आरोपी विनोद साहू पिता शिव शंकर साहू उम्र 55 वर्ष साकिन ओडान थाना पलारी से 31 पौवा देशी मशाला शराब कुल 5.580 बल्क लीटर किमती 3410/ रूपये एवं एक पुरानी ईस्तेमाली ष्क्लद्ध1इ स्कूटी को कब्जे से जप्त कर अपराध क्रमांक 365/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक शशांक सिंह थाना प्रभारी पलारी एवं प्र.आर. मो0 अरशद खान आरक्षक, अजय नवरंगे, रूपेश बघेल का योगदान रहा।

# 6 एकड़ जमीन पर कब्जा कर लगाया धान, प्रशासन ने चलाया बुलडोजर

## तहसीलदार विवेक पटेल ने कहा- ग्रामीणों ने दिया था प्रस्ताव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



> ग्राम पंचायत दर्रा के ग्रामीणों ने पंचायत में प्रस्ताव पास कर कब्जा हटाने के लिए ज्ञापन दिया था, जिस पर कार्यवाही करते हुए आज जेसीबी मशीन की सहायता से ग्राम वासियों की उपस्थिति में कब्जा हटाया गया।
>
> **-विवेक पटेल, तहसीलदार, कसडोल**

**कसडोल, 7 अगस्त।** कसडोल नगर पंचायत से लगा ग्राम पंचायत दर्रा के ग्रामीणों ने चारागाह की मांग करते हुए अवैध कब्जा धारियों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए तहसीलदार विवेक पटेल को ज्ञापन सौंपा था ज्ञापन के आधार पर पुलिस की सहायता से इंदिरा हरेली सहेली योजना से पेड़ पौधे लगाने के लिए मिली छह एकड़ जमीन पर आज बुलडोजर चला दिया गया। वहीं कब्जा धारियों द्वारा अवैध तरीके से लगाई फसलों को मवेशी के हवाले कर दिया गया।

ग्राम पंचायत दर्रा में 12 परिवारों को 2001 में इंदिरा हरेली सहेली योजना के अंतर्गत छह एकड़ भूमि में पौधारोपण करने शासन नें पट्टा दिया था। भूमि पर लगे रतनजोत के पौधों को असामाजिक तत्वों के द्वारा उखाड़ कर फेंक दिया गया था जिसमें पट्टा धारियों द्वारा वर्तमान में भूमि पर धान की फसल बो कर जिवकोर्पाजन कर रहे हैं परंतु अब गांव में गाय, बैल , के लिये चारागाह की समस्या निर्मित हो गई तो ग्राम के सरपंच ने ग्राम सभा में इंदिरा हरेली सहेली योजना से मिले भूमि को अवैध कब्जा बताते हुए महिला समूह की सहायता से पंचायत में प्रस्ताव पारित कर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। तहसीलदार ने राजस्व अमला एवं पुलिस के साथ मौके में जा कर जेसीबी मशीन की सहायता से कब्जा हटा दिया। महिला समूह सदस्य जय बिहान का नारी शक्ति जिंदाबाद का नारा लगाते हुए मौके पर मौजूद रहे।

### पट्टा को निरस्त करने प्रस्ताव पर सहमति

महिला समूह की सदस्य सुरसरी कैवर्त्य व लक्ष्मीन बाई का कहना है कि सभी घर में गाय, बैल, भैंस है। चारागाह की विकट समस्या हो रही है जिसके कारण सभी महिला- पुरुष इस कब्जा को तोड़वाने के लिए इकट्ठा हुए। राजकुमार सरपंच ने बतलाया कि सभी ग्राम वासियों ने मिलकर ग्राम सभा में हरेली सहेली से मिले पट्टा को निरस्त करने का प्रस्ताव पारित किया है। इसकी जानकारी कसडोल तहसीलदार को दी गई, कब्जा धारियों को नोटिस देकर कब्जा हटाया गया।

## समाचार संक्षेप

### राहगीर को लूटने वाले 4 आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर भेजा जेल



**सिमगा, 7 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस ने आरोपीयो से लुटे गये एक मोटर सायकल व एक वीवो मोबाईल एवं नगदी रकम 6500 रूपये तथा घटना में प्रयुक्त 02 नग मोटर सायकल को जप्त किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी छम्मन लाल साहू पिता



चैतुराम साहू उम्र 24 साल साकिन चंदियापथरा कल शनिवार को रात्रि करीबन 07.30 बजे अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एलजी 9551 में अपने घर ग्राम चंदियापथरा जाते समय बेमेतरा बाईपास ओव्हर ब्रिज के उपर सिमगा मेन रोड नेशनल हाईवे 30 में आरोपीगण खेमलाल सोनकर उर्फ शिवा पिता नारायण सोनकर उम्र 21 साल, देवचरण साहू उर्फ टोबो पिता गजानंद साहू उम्र 22 साल, योगेश पाटकर उर्फ लल्लू पाटकर पिता दिनेश पाटकर उम्र 32 साल, इरफान बेग पिता मुस्ताक बेग उम्र 30 साल साकिनान सिमगा द्वारा इनके मोटर सायकल को रोककर चाबी छीनकर हाथ मुक्का एवं लोहे के राड से मारपीट कर इनके मोटर सायकल एवं एक वीवो मोबाईल व नगदी रकम 10, 000 रूपये को लुटकर ले गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 394, 341, 34 भादवि कायम कर तत्काल आरोपी की पता तलाश हेतू निरीक्षक मंजूलता राठौर थाना प्रभारी सिमगा के आदेश पर सउनि नरेंद्र मारकण्डेय हमराह प्रआर. संतोष वर्मा, रामनारायण वर्मा, मप्रआर. जागेश्वरी वर्मा आरक्षक बब्बू साहू, बिरेंद्र सिन्हा, लोकेश डड़सेना, देव कुमार पैकरा के आरोपीयो की पतासाजी कर उक्त आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। तथा आरोपियों से लुट किये मशरूका एक मोटर सायकल कीमती 45000 रूपये व एक मोबाईल फोन कीमती 10, 000 रूपये तथा नगदी रकम 6500 रूपये तथा घटना में प्रयुक्त 02 नग मोटर सायकल की जप्ती कार्यवाही किया गया। लुट के बाकी रकम 3500 रूपये को खर्च हो कर देना बताये। चारों आरोपीयों को पुलिस ने ज्यूडिसियल रिमाण्ड हेतु न्यायालय सिमगा पेश किया जहां से उन्हें जेल दाखिल कर दिया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक मंजूलता राठौर थाना प्रभारी सिमगा एवं सउनि नरेंद्र मारकण्डेय, प्रआर.संतोष वर्मा, रामनाराण वर्मा महिला प्रआर. जागेश्वरी वर्मा, आरक्षक बब्बू साहू, बिरेंद्र सिन्हा, लोकेश डड़सेना, देवकुमार पैकरा, अनवर कुर्रे, खुलेश्वर पटेल का विशेष योगदान रहा।

# राहुल गांधी की आवाज को दबाना चाहती है केंद्र सरकार : अभय सिंह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दल्लीराजहरा, 7 अगस्त।** मजदूर किसान एवं जन जन के हितैषी नफरतों के अंधकार को चीरकर मोहब्बत का उजाला फैलाने वाले कांग्रेस के नेता राहुल गांधी जी को सर्वोच्च न्यायालय ने उनकी सज़ा पर रोक लगाकर भारतीय लोकतंत्र एवं न्यायपालिका में जनमानस की विश्वास को मजबूत किया है। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक छत्तीसगढ़ के महासचिव अभय सिंह ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार एक षड्यंत्र के तहत राहुल गांधी की आवाज को दबाना चाहती है, लेकिन राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार से डरने वाली नहीं है। जन विरोधी नीतियों सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों का निजीकरण के खिलाफ लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा लोकतंत्र को बचाने और मोदी सरकार का अडानी के साथ मिलीभगत कर भ्रष्टाचार करने एवं संवैधानिक संस्थाओं और संविधान के दुरुपयोग को रोकने एवं उन्हें बचाने के लिए कांग्रेस अपनी लड़ाई जारी रखेगी। भारतीय जनता पार्टी विपक्षी दलों को दबाने के लिए विभिन्न संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है उन्होंने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए नरेंद्र मोदी ने अडानी के व्यापार को बढ़ाया वहीं, प्रधानमंत्री बनने के बाद विदेशों में जाकर अडानी के व्यापार को फैलाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि अडानी की सेल कंपनियों में 20 हजार करोड़ किसके हैं? देश के सामने सच सामने आना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी के अडानी से क्या रिश्ते हैं? अडानी के घोटाले पर संसद में राहुल गांधी के भाषण के ठीक 9 दिन बाद उन पर मानहानि का मामला शुरू कर दिया गया। केरल वायनाड से लोकसभा सांसद राहुल गांधी गुजरात कोर्ट के फैसले के बाद जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत संसद की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया था।



मानहानि मामले में 23 मार्च को दोषी ठहराए जाने के 24 घंटे के भीतर, 24 मार्च को लोकसभा सचिवालय ने राहुल गांधी को सदन की सदस्यता से अयोग्य करार देने की घोषणा की। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया कि उनकी अयोग्यता संबंधी आदेश 23 मार्च से प्रभावी होगा।इसके बाद राहुल को 22 अप्रैल तक उनका 12 तुगलक लेन स्थित सरकारी बंगला खाली करने को कहा गया था जहां वह करीब दो दशक से रह रहे थे। उन्होंने 22 अप्रैल को वह बंगला खाली कर दिया और अपनी मां सोनिया गांधी के आवास पर कुछ समय के लिए रहने चले गए।संसद की सदस्यता से अयोग्य ठहराने में 24 घंटे लगे। आगे उनकी सदस्यता बहाल करने में कितने घंटे लगेंगे यह देश की जनता जानना चाहती हैद्य देश के उच्च सदन मे जनता के आवाज को दबाने की साजिश को नाकाम करते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाने उच्च न्यायालय के इस फैसले पर इंटक कार्यालय में खुशियां मनाई गई इस अवसर पर मेटल माइन्स वर्कर्स यूनियन इंटक अध्यक्ष तिलकराम मानकर, सचिव तेजेंद्र प्रसाद, उपाध्यक्ष लखन बख्शी, कार्यालय सचिव दिनेश कांत, असंगठित क्षेत्र मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष राजू विनायक, बालोद इंटक जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र कुमार दिल्लीवार सहित सदस्यगण उपस्थित थे।

### 7 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 7 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार पुलिस शराब की अवैध बिक्री करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार 5 अगस्त की शाम अवैध शराब बिक्री हेतु छुपाकर रखने की मुखबिर सूचना पर ग्राम धाराशिव में आरोपी भागबली बंजारे के बाड़ी में घेराबंदी कर रेड कार्रवाई करने पर 5 लीटर वाली दो पीले रंग की प्लास्टिक डिब्बा में कुल 7 लीटर महुआ शराब कीमती 1400/- मिला जिसे मौके पर जप्त किया गया एवं आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आब. एक्ट के तहत कार्यवाही कर विधिवत गिरफ्तार कर आज दिनांक 06/8/23 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में प्र.आर. परमानंद रथ, आर. दिनेश साहू, राकेश पाटले, केशव भट्ट का विशेष योगदान रहा।

### कृषि दुकानों पर कार्रवाई जारी 2 दुकान संचालकों को नोटिस

**सुहेला, 5 अगस्त।** जिले में खरीफ 2023 अंतर्गत अद्यतन 93 प्रतिशत बोनी हो चुका है। इसके साथ ही किसान सहकारी समितियों के साथ-साथ निजी कृषि आदान विक्रय केंद्रों में उर्वरक तथा फसलों को किट एवं बीमारियों से बचाने के लिए कीटनाशक खरीदी करने पहुंच रहे हैं। कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देशानुसार कृषकों को गुणवत्तायुक्त एवं निर्धारित दर पर कृषि आदान उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिसको अमल कराने कृषि विभाग की कार्यवाही जारी है। कृषि विभाग द्वारा विकासखंड स्तर पर तथा जिला स्तर पर निरीक्षण दल तैयार कर लगातार कृषि आदान विक्रय केंद्रों में दबिश दी जा रही है। इसी कड़ी में कसडोल विकासखंड के कीटनाशक निरीक्षक धनेश्वर साय द्वारा ग्राम रीकोकला के रूबी कृषि सेवा केंद्र में दबिश दी गई। विक्रय केंद्र के निरीक्षण में निर्धारित प्रारूप में बिल बुक नहीं पाया गया, साथ ही स्कंध पंजी संधारित नहीं किया गया था न हीं उपलब्ध स्कंध एवं मूल्य सूची प्रदर्शित किया गया था। इसी प्रकार विकासखंड सिमगा के कीटनाशक निरीक्षक रामअवतार राठौर द्वारा ग्राम कामता के योगेश कृषि सेवा केंद्र का निरीक्षण किया गया निरीक्षण में विक्रय केंद्र में स्कंध पंजी नहीं पाया गया इससे स्पष्ट हो रहा है कि विक्रय केंद्रों का शासन द्वारा निर्धारित नियमों का उल्लंघन करते हुए विक्रय केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। दोनों विक्रय केंद्रों को कड़ी चेतावनी के साथ कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जिसका जवाब प्राप्त होने के पश्चात आगामी कार्रवाई की जाएगी।


**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्रमांक- 202306160100006 अ/20 ( 3 ) 2022-23

**ईश्तहार**

आम जनता को इस ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदनकर्ता मोहम्मद लियाकत पिता/पति मोहम्मद शफीक उम्र 50 वर्ष जाति बेहना मो.नं. 6264079969 निवासी गीदम को वर्ष 2019-20 में राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत नगरीय क्षेत्र गीदम प.ह.नं. 17 रा.नि.मं. व तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा स्थित नजूल भूमि खसरा नंबर 659/1 रकबा 0.3968 हे. भूमि में से, प्राप्त 1000 वर्गफुट भूमि के भूमिस्वामी हक प्रदाय किये जाने संबंधी प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति के स्पष्ट कारणों को उल्लेख करते हुए स्वयं या अपने मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 14.08.2023 तक कार्यालयीन समय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात प्रस्तुत आपत्ति/अभ्यावेदन इस न्यायालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 28.07.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नजूल अधिकारी दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा**


## घटनास्थल से वनरक्षक ने चीतल की लाश को झाड़ियों में छुपाया

# बारनवापारा अभयारण्य में चीतल की मौत, अमले ने किया मामले दबाने का प्रयास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 7 अगस्त।** बलौदाबाजार वनमंडल के अंतर्गत बार नवापारा अभ्यारण्य के रामपुर चारागाह के पास कक्ष क्रमांक 112 में 6 अगस्त 2023 दिन रविवार को एक नर चीतल की मौत का मामला सामने आया है।

कुछ दिनों पूर्व भी रामपुर कक्ष क्रमांक 127 में एक नर काले हिरण की मौत इस अभ्यारण्य में भी हुई थी। बहरहाल इस नर चीतल की मौत के मामले में सूचना लगते ही घटना स्थल पहुंचे फारेस्ट गार्ड मिथिलेश ठाकुर ने स्वयं व सहयोगी राकेश भोई और काम कर रहे 2 अन्य मजदूरों के साथ पर्यटक मार्ग के किनारे मृत हुये इस नर चीतल की लाश को अन्यत्र करीब 200-250 मीटर की दूरी पर जंगल की झाड़ियों में अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दिए बगैर छुपा दिया था। जब मामला धीरे-धीरे फैलने लगा तो अपनी इस गैर जिम्मेदाराना हरकत को छुपा न सके और सवालों का जवाब देते हुए मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि यह घटना करीब आज 2:30 बजे की आसपास की है। इस नर चीतल की



मृत्यु करीब आठ नौ आवारा कुत्तों के काटने की वजह से हुई है। इसकी सूचना मैं अपने उच्च अधिकारियों को अभी तक नहीं दिया हूँ, जाकर बताने की बात कही। आखिर क्या वजह रही होगी कि मृत नर चीतल की लाश को ढाई घंटे तक फारेस्ट गार्ड ने अपने उच्च अधिकारियों को तत्काल सूचना देना भी मुनासिब नहीं समझा और ऐसी क्या वजह रही होगी कि मृत चीतल की शव को उक्त घटना स्थल से अपने सहयोगियों से साथ घनी झाड़ियों के बीच जंगल मे छुपा दिया ? यह मामला कई तरह के सवालों को पैदा करता है। ऐसे न जाने कितने मामले, जंगल की घोर अंधेरी गुफा में गुम हो जाता होगा ये तो वही बता सकते हैं।


बहरहाल मामला प्रकाश में आते ही वन-अमलों की भागम-भाग मृत चीतल को छुपाए स्थान से शुरू हो जाती है। तब तक झाड़ियों में छुपाए गए चीतल के शव को कुत्ते नोंच कर खाने मँडराते दिखे। वहाँ कोई भी जवाबदार व्यक्ति इस दौरान नजर नहीं आया। इस संबंध में फोन पर वन अधीक्षक बारनवापारा अभ्यारण्य आनंद कुदरिया ने कहा कि आज डॉक्टर नहीं आया, कल आने पर पोस्टमार्टम किया जायेगा। फिलहाल मृत चीतल की शव को सुरक्षित रखने के लिए वन - कर्मचारियों को बोला हूँ।

# संवर रही वनाश्रितों की जिंदगी

## रोजगार बढ़े, आय बढ़ी, प्रगति को मिली नई राह




## अब 7 नहीं 65 प्रकार के लघु वनोपजों की सरकार कर रही खरीदी



गढ़बो नवा छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ सरकार
भरोसे की सरकार

छत्तीसगढ़ शासन
सत्यमेव जयते

भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ संवाद-आर.ओ./36779/59

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क


कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23